'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समाचार गेट

TITLE CODE : HARHIN11569

वर्ष 01, अंक 162 पृष्ठ 08 मूल्य 01 रुपए बुधवार, 28 अगस्त 2024 samachargate@gmail.com



गांव प्रहलादपुर में विधायक राजेश नागर को किया सम्मानित

Page 3

## कार्यकर्ता हमारी सबसे बड़ी ताकत, कार्यकर्ताओं की मेहनत से भाजपा की हरियाणा में लगेगी जीत की हैट्रिक : नायब सैनी

### प्रवासी कार्यकर्ताओं का अनुभव हरियाणा में भाजपा की तीसरी बार सरकार बनाने में करेगा मदद : नायब सैनी

### रोहतक में हुई प्रवासी कार्यकर्ताओं की बैठक को सीएम नायब सैनी, केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल, प्रदेश प्रभारी डा. पूनिया, प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल कौशिक ने भी किया संबोधित



समाचार गेट ब्यूरो

**चंडीगढ़।** रोहतक के भाजपा प्रदेश कार्यालय ''मंगल कमल'' में पड़ोसी राज्यों से आए प्रवासी कार्यकर्ताओं की बैठक में बोलते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि कार्यकर्ता हमारी सबसे बड़ी ताकत है और कार्यकर्ताओं की मेहनत से भाजपा हरियाणा में हैट्रिक लगाने जा रही है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता विधानसभा चुनाव में तीसरी बार कांग्रेस का सफाया करेंगे। दिल्ली, राजस्थान, उत्तर प्रदेश से आए प्रवासी कार्यकर्ताओं का स्वागत करते हुए सीएम सैनी ने कहा कि आप सभी लोग अनुभवी हैं, चुनाव लड़ने और चुनाव लड़ाने का अनुभव हैं। उन्होंने कहा आप सभी समर्पित कार्यकर्ताओं की मेहनत और अनुभव से तीसरी बार हरियाणा में भाजपा की सरकार बनेगी। प्रवासी कार्यकर्ताओं की इस बैठक में केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल, प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया, प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल कौशिक, संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा, प्रदेश महामंत्री डा. अर्चना गुप्ता आदि मौजूद रहे।

नायब सैनी ने कहा कि पहले भी चुनाव के दौरान भाजपा के सभी चुनाव में सहयोग करने आए प्रवासी कार्यकर्ताओं, नेताओं, पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों का कार्य सराहनीय और प्रशंसनीय रहा है। हरियाणा के इस चुनावी समर में आप लोगों का योगदान भी काफी महत्वपूर्ण रहने वाला है। उन्होंने कहा कि हरियाणा के अंदर दूसरे राज्यों से आए प्रवासी काफी संख्या में रहते हैं। हरियाणा ऐसा राज्य है जहां प्रवासी भाईयों का पूरा मान और सम्मान होता है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों से आह्वान करते हुए कहा कि यहां के कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर आप लोग प्रवासी लोगों से मिलें और उन्हें पार्टी की नीतियों से अवगत कराएं तथा चुनाव में भाजपा के पक्ष में मतदान करने के लिए प्रेरित करें।

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता, साल के हर दिन, चौबीसों घंटे देश की सेवा करता है। अब चुनाव में समय कम बचा है, इसलिए सभी लोगों को नई ऊर्जा, नए जोश के साथ काम करना है। मुख्यमंत्री ने सभी प्रवासी कार्यकर्ताओं को सरकार की उपलब्धियों के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि हरियाणा में भाजपा सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन कर सुशासन स्थापित किया है। हरियाणा में युवाओं को बिना पर्ची और बिना खर्ची के योग्यता के आधार पर नौकरियां दी हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा देश का पहला ऐसा राज्य है जहां किसानों की 100 प्रतिशत फसल को एमएसपी पर खरीदने की गारंटी भाजपा सरकार ने दी हैं। हरियाणा की भाजपा सरकार ने युवाओं, गरीबों, महिलाओं और किसानों के हित में अनेकों योजना बनाकर उनका मजबूती से विकास किया है और सशक्त बनाया हैं। श्री सैनी ने सभी कार्यकर्ताओं से आग्रह करते हुए कहा कि आप लोग चुनाव के दौरान अलग-अलग स्थानों पर जाएंगे, इसलिए पार्टी की नीतियों से भी लोगों को जोड़ने का काम करें।

केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले 10 वर्षों में देशभर में ऐतिहासिक कार्य किए हैं। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भी कम समय में अनेकों जनहित के निर्णय लिए हैं। मुख्यमंत्री नायब सैनी ऐसे सीएम हैं जिनके घर के दरवाजें लोगों के लिए 24 घंटे खुले रहते हैं। मुख्यमंत्री की कार्यशैली से लोग प्रभावित हैं। उन्होंने कहा कि आप सभी प्रवासी कार्यकर्ता और पदाधिकारी तीसरी बार भाजपा सरकार बनाने का सामूहिक प्रयास करते हुए भाजपा के पक्ष में मतदान कराएं। प्रवासी कार्यकर्ताओं का चुनाव प्रचार का अनुभव अवश्य ही भाजपा की तीसरी बार सरकार बनाने में काम आएगा।

भाजपा के प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया ने कहा कि प्रवासी कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रवाद की भावना के साथ चुनाव के दौरान कार्य किया है। काम ही हमारी पूंजी है। कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए डा. पूनिया ने कहा कि घर से निकलने पर पार्टी का काम तो होता है, साथ में व्यक्ति का नाम भी होता है। उन्होंने कहा कि भाजपा ही ऐसा संगठन है जहां कार्यकर्ताओं को निरंतर आगे बढ़ने का मौका दिया जाता है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल कौशिक ने कहा कि हर कार्य, हर बार हमें कुछ नया सिखाता हैं। भाजपा के कार्यकर्ताओं की मेहतन का ही परिणाम है कि देश में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनी और नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनें।

हरियाणा के हर जिले, हर क्षेत्र में दूसरे राज्यों के प्रवासी लोग बसते हैं। उन्होंने कहा कि आप सभी लोग मतदाताओं से संपर्क कर पार्टी को मजबूत करने का काम करें। बैठक को संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा, प्रदेश महामंत्री डा. अर्चना गुप्ता ने भी संबोधित किया।

## हरियाणा खिलाड़ियों, वीरों और किसानों की भूमि : धनखड़

### अमन सहरावत के स्वागत समरोह में पंहुचे भाजपा राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़

### युवा पहलवान अमन सहरावत ने पदक जीतकर सभी देशवासियों को किया गौरवानवित - बोले धनखड़



समाचार गेट ब्यूरो

**चंडीगढ़/झज्जर।** हरियाणा हांगे का से, और जो युवा हांगे को फोकस कर लेता है वह युवा विश्व विजेता अमन सहरावत बनकर सामने आता है। भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़ ने पेरिस ओलंपिक में पदक विजेता पहलवान अमन सहरावत के सम्मान में उनके पैतृक गांव बिरोहड़ में आयोजित सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही। धनखड़ ने कहा कि अमन की सफलता से हमारी युवा पीढ़ी प्रेरित होकर अपने हांगे को फोकस करेगी और देश के लिए मेडल जीतकर अपने क्षेत्र, देश और प्रदेश का नाम रोशन करेगी। जिस तरह युवा खिलाड़ी अमन सहरावत, मनु भाकर, नीरज चौपड़ा,सरबजीत सिंह, सुमित, अभिषेक नैन और संजय ने नाम रोशन किया है। इसी तरह एशियाड में पलक गुलिया,प्रियंका कादियान , रीतु गुलिया, पहलवान रवि पूनिया जैसे प्रतिभाशाली खिलाडियों ने किया । अमन देश के सबसे युवा पहलवान है जो ओलंपिक से मैडल जीतकर लाएं है। ऐसे खिलाडियों का सम्मान करने पर सभी को गर्व और गौरव की अनुभूति होती है।

धनखड़ ने कहा कि हरियाणा बहादुर सैनिकों, प्रतिभाशाली खिलाडियों और मेहनती किसानों की भूमि है। यहां के वीरों का सीना शौर्य चक्र से और खिलाडियों का सीना ओलंपिक मैडलों से सजता है। किसानों की बात करें तो अपने हरियाणा के अतिरिक्त 15 करोड़ देशवासियों के लिए अन्न पैदा करते हैं। ऐसे गौरवशाली और वैभवशाली हरियाणा में जन्म लेना ही गौरव की बात हैं। धनखड़ ने कहा कि पेरिस ओलंपिक में हमारी हिस्सेदारी 25 प्रतिशत थी और मेडल लाने में हमारी हिस्सेदारी 50 प्रतिशत हमारे प्रतिभाशाली खिलाडियों ने कर दी।

**नहले पर दहला और जमकर बजी तालियां**

सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने अपने संबोधन में कहा कि हमारी सरकार बनने पर हम खिलाडियों की ठोककर मदद करेंगे। भाजपा राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़ ने बीच में ही खड़े होकर कहा कि हमारी सरकार खिलाडियों पूरी मदद कर रही है और आचार सोंहिता हटते ही और भी ठोककर मदद कर देंगे। हरियाणवी लहजे में हुई इस हाजिर जवाबी पर जमकर तालियां बजी।

इस अवसर पर वित्त मंत्री जे पी दलाल, सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा, सतपाल पहलवान सहित क्षेत्र की सरदारी की गरिमामय उपस्थिति रही।

## रोहतक में भाजपा की प्रदेश चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक

समाचार गेट ब्यूरो

**चंडीगढ़।** पार्टी प्रदेश कार्यालय मंगल कमल में प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहनलाल कौशिक की अध्यक्षता में विधानसभा चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक हुई। बैठक में मुख्यरूप से प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया और प्रदेश महामंत्री डा. अर्चना गुप्ता मौजूद रहे। प्रदेश प्रभारी और प्रदेश अध्यक्ष ने चुनाव प्रबंधन से संबंधी तैयारियों का जायजा लिया और साथ ही अब तक हुए कार्यों का फीडबैक लिया। बैठक में सभी विभागों के प्रभारियों ने अपने पिछले दिनों में किए गए कार्यों का ब्यौरा दिया और आश्वस्त किया कि विधानसभा चुनाव को जीतने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जाएगी। विधानसभा चुनाव हम स्पष्ट बहुमत के साथ जीतेंगे और तीसरी बार भाजपा की सरकार बनेगी। बैठक के दौरान प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया, प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल कौशिक ने चुनाव प्रबंधन से संबंधित कामकाज पर चर्चा की और विभागों के प्रभारियों द्वारा दिए गए फीडबैक पर संतुष्टि जताई तथा जरूरी दिशा निर्देश भी दिए। प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया ने कहा कि चुनाव अभियान के दौरान कोई कमी न छोड़ें और अपनी पूरी क्षमता से काम करें। चुनाव के दौरान विपक्षी दलों और उनके झूठे प्रचार पर कड़ी नजर रखें। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल कौशिक ने कहा कि हम सभी को मिलकर हरियाणा में तीसरी बार जीत की हैट्रिक लगानी है। कार्यकर्ताओं के सामूहिक प्रयास से भी हमारी प्रचंड जीत संभव है। उन्होंने कहा कि आप सभी पदाधिकारी पूरी जिम्मेदारी के साथ काम करें।

## शहरों में लगे कूड़े के ढ़ेर दिखा रहे हैं विकसित हरियाणा की तस्वीर : कुमारी सैलजा

### स्वच्छ सर्वेक्षण में हरियाणा नौ पायदान लुढ़ककर 14वें स्थान पर पहुंचा

### टॉप 100 में कोई शहर नहीं स्वच्छ भारत मिशन के नाम पर सरकारी धन की कर दी सफाई

समाचार गेट ब्यूरो

**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि एक ओर हरियाणा सरकार दावा कर रही है कि उसने प्रदेश को इतना विकसित कर दिया है जितना पहले कभी नहीं हुआ था पर प्रदेश के हर शहर में लगे कूड़े के ढेर विकसित हरियाणा की तस्वीर पूरे देश को दिखा रहे हैं। सरकार ने सफाई के नाम पर अरबों के बजट की ही सफाई कर दी, नगर पालिका, नगर निगम और नगर परिषदों में सफाई कर्मियों के पद आज तक नहीं भरे गए। हालात ये है कि स्वच्छ सर्वेक्षण में हरियाणा नौ पायदान लुढ़ककर 14वें स्थान पर पहुंच गया और टॉप 100 में उसका कोई शहर नहीं तक शामिल नहीं है, इस पर शर्मसार होने के बजाए सरकार अपनी पीठ थपथपा रही है।

मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा है कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 की रैंकिंग में हरियाणा को बड़ा झटका लगा है। 100 से कम शहरी स्थानीय निकाय वाले राज्यों की श्रेणी में हरियाणा पांचवें से 14वें स्थान पर आ गया है। जबकि 2021 में हरियाणा पूरे देश में दूसरे नंबर पर काबिज था। वहीं, एक लाख से अधिक आबादी वाले शहरों की टॉप 100 की सूची में प्रदेश का कोई भी शहर जगह नहीं बना पाया है। राज्य में पहले स्थान पर आए रोहतक ने राष्ट्रीय स्तर पर 109वां रैंक और सीएम सिटी करनाल ने 115वां रैंक हासिल की है झज्जर की तीनों निकायों ने इस बार स्वच्छता रैंकिंग में प्रदेश में टॉप 05 में जगह बनाई है। इसमें सबसे ऊपर झज्जर की बेरी नगर पालिका है। बेरी नगर पालिका को इस बार प्रदेश में तीसरा स्थान हासिल हुआ है। उत्तर भारत की जोन रैंकिंग में बेरी नपा को 47 रैंकिंग मिली है।



उन्होंने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण-2022 की टॉप-100 की सूची में हरियाणा के पांच शहर शामिल थे। इनमें गुरुग्राम टॉप 20 में शामिल था। पिछले साल की रैंकिंग में गुरुग्राम 19वें, रोहतक 38वें, करनाल 85वें, पंचकूला 86वें और अंबाला 91वें स्थान पर था। रैंकिंग में गिरावट इस बात का इशारा करती है कि हरियाणा के शहरों में साफ-सफाई की व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित नहीं हो रही है। साल 2021 में हरियाणा ने 1745, 2022 में 1950 और 2023 में 1958 स्कोर प्राप्त किया। इससे साफ है कि सरकार स्वच्छता की ओर ध्यान देने के बजाए उसकी अनदेखी करती रही, जबकि अधिकारी और कर्मचारी इस बजट की राशि खुर्द बुर्द करते रहे। अगर इसकी विजीलेंस जांच करवाई जाए तो एक बड़ा घोटाला निकलकर सामने आएगा। उन्होंने कहा कि कचरा प्रबंधन की ओर सरकार ने कोई ध्यान नहीं दिया, जिस विभाग पर कई अहम जिम्मेदारी होती है उसे अधिकारियों और कर्मचारियों ने कमाई का अड्डा बनाकर रख दिया है, सरकार कार्रवाई करने के बजाए अनदेखी करती रही। ठोस कचरा प्रबंधन में राज्य को पहले 3510 में 1344 अंक प्राप्त हुए।

उन्होंने कहा कि सूखा-गीला कचरा कभी अलग अलग नहीं हुआ, कूड़ा निस्तारण के मामले में भी हरियाणा काफी कमजोर है जितना कूड़ा निकल रहा है, उसका प्रबंधन काफी कमजोर रहा। निकायों व नगर पालिकाओं में सफाई कर्मचारियों की संख्या 30 हजार है, जबकि आबादी के हिसाब से जरूरत 70 हजार की है। कई नगरों में डस्टबिन वितरण के नाम पर घोटाले हुए, कभी बांटे ही नहीं गए पर खरीद लाखों में दिखाई, सरकार शिकायत मिलने पर भी कार्रवाई करने से बचती रही क्योंकि उसके अपनों के हाथ काले हुए पड़े थे।

**लोस चुनाव में दिखाया था ट्रेलर, विस चुनाव में किसान भाजपा को दिखाएगा पूरी फिल्म**

कंगना के बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कुमारी सैलजा ने कहा कि भाजपा भले ही स्वयं को किसान हितैषी होने का दावा कर रही हो पर उसकी रग रग में किसानों के प्रति जहर ही भरा हुआ है। भाजपा शासन में किसानों पर गोली चलवाई गई, किसानों को आतंकवादी कहा गया पर अब चारों तरफ विरोध होता देख भाजपा अपने सांसद के शब्दों से पल्ला झाड़ने की कोशिश कर रही है। देश का किसान बीजेपी के गलत कारनामों को नहीं भूलेगा। किसान अपने अपमान को भूलने वाला नहीं है। किसान विरोधी भाजपा को किसान हरियाणा विधानसभा चुनाव में करारा जवाब देगा, किसानों ने लोकसभा चुनाव में तो केवल ट्रेलर दिखाया था पर विधानसभा चुनाव में किसान भाजपा को पूरी फिल्म ही दिखाकर रहेंगे।

## परीक्षा के दौरान किसी प्रकार की लापरवाही की गुंजाइश न हो : उपायुक्त



समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** उपायुक्त विक्रम सिंह ने कहा कि संघ लोक सेवा आयोग/ यूपीएससी द्वारा आयोजित की जाने वाली परीक्षा में किसी प्रकार की परेशानी नहीं आने दी जाएगी, परीक्षा कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराई जाएंगी। उन्होंने संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की जिसमें सीमा शुल्क, निर्यात, भूमि कंटेनर डिपो के अतिरिक्त आयुक्त और परीक्षा आब्जर्वर शिवपाल ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से परीक्षा को सुनियोजित ढंग से संपन्न करवाने के लिए चर्चा की। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के उपरांत उपायुक्त विक्रम सिंह ने कहा कि जिला में 01 सितम्बर को संघ लोक सेवा आयोग/ यूपीएससी द्वारा आयोजित की जाने वाली एनडीए और एनए परीक्षा-कक, 2024 और सीडीएस परीक्षा-कक, 2024 की परीक्षा को सुनियोजित ढंग से संपन्न करवाने के लिए पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मुस्तैदी से कार्य करेंगे। बैठक में एसडीएम शिखा अंतिल, सीटीएम अंकित कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी अजित सिंह, डीडीपीओ प्रदीप कुमार सहित ड्यूटी मजिस्ट्रेट, ट्रांजिट ऑफिसर मौजूद थे।

## रेन वाटर हार्वेस्टिग सिस्टम को समय-समय पर चेक कर दुरुस्त करें : उपायुक्त




समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** उपायुक्त विक्रम सिंह ने कहा कि जल शक्ति अभियान: कैच द रेन - 2024 का थीम नारी शक्ति से जल शक्ति है जिसमें जल संरक्षण के क्षेत्र में महिलाओं द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया जाएगा। उपायुक्त विक्रम सिंह ने आज लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में जल शक्ति अभियान बैठक की अध्यक्षता की जिसमें एमएसएमई निदेशक विनम्र मिश्रा भी शामिल हुए। उपायुक्त विक्रम सिंह ने कहा कि जल को संचय करते हुए हमें इसका सदुपयोग किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम सबको चाहिए कि हम भी जल संरक्षण में भागीदार बनते हुए सरकार का पूरा सहयोग करें और आने वाली पीढ़ी के लिए जल बचाएं। उन्होंने क्रमवार सिंचाई, जिला विकास एवं पंचायत विभाग, शिक्षा, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, एमसीएफ, वन विभाग सहित तमाम विभागों के अधिकारियो से विभाग वार जलशक्ति अभियान में किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बरसाती पानी को संरक्षण के लिए रेन वाटर हार्वेसटिंग सिस्टम बेहतर तरीके से विभाग आपसी तालमेल करके क्रियानवित करें।

एमएसएमई निदेशक विनम्र मिश्रा ने कहाकि जल शक्ति अभियान जल को संरक्षित करने के लिए शुरू किया गया है। जल शक्ति अभियान 2024 का थीम नारी शक्ति से जल शक्ति है इसमें महिला शक्तियों को भी जोड़ा जाएगा, जो आमजनों को जल संरक्षित करने के लिए प्रेरित करेंगे। साथ ही वर्षा के जल को कैसे संरक्षण किया जाना है उसके लिए भी आमजन को प्रेरित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ी के लिए जल का संरक्षण बहुत जरूरी है। जल शक्ति अभियान का मुख्य उद्देश्य पानी की बचत व संग्रह करना है। ताकि जमीन का जल स्तर ऊंचा उठ सके। समीक्षा बैठक में एडीसी डॉ आनंद शर्मा, सीईओ जिला परिषद सतबीर मान, जिला शिक्षा अधिकारी अजित्त सिंह, डीडीपीओ प्रदीप कुमार सहित सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## नशे की मांग को समाप्त करना ही जागरूकता का उद्देश्य



समाचार गेट/ब्यूरो

**सोहना।** हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो प्रमुख ओपी सिंह अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक साहब के दिशानिर्देशों और पुलिस अधीक्षक श्रीमती पंखुरी कुमार के मार्गदर्शन में नशे के विरुद्ध प्रतिदिन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इस कड़ी में राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सोहना में एक दिवसीय नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ अशोक कुमार वर्मा ने यह कार्यक्रम आयोजित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डालते बताया कि पुलिस और हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो नशे की आपूर्ति पर निरंतर प्रहार कर रही है और नशा तस्करी में सॉलिप्त अपराधियों को कारागार भेजा जा रहा है लेकिन नशे को समाप्त करने के लिए आपूर्ति के साथ साथ मांग को भी समाप्त करना ही होगा। इसलिए हरियाणा में विद्यालय से लेकर विश्वविद्यालय में विशेष रूप से युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। ब्यूरो के प्रमुख ओपी सिंह अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक साहब हरियाणा को नशा मुक्त करने के लिए कृतसंकल्प हैं। वे नशे के अपराध को समूल नष्ट करने के लिए हृदय परिवर्तन की विचारधारा के साथ युवाओं में सकारात्मक सोच का सृजन करने का एक साहसिक प्रयास कर रहे हैं जिसके सकारात्मक परिणाम हमारे सामने हैं। उन्होंने विद्यार्थियों के साथ बातचीत के माध्यम से इस बुराई को समाप्त करने में उनको साथ जोड़कर इस विषय पर चर्चा करते हुए अनेक प्रश्न किए। नशे की परिभाषा से लेकर, इसके आगमन, वितरण, निर्माण, सेवन और क्रय विक्रय पर विस्तार से चर्चा की। विद्यार्थियों में देशप्रेम की भावना के साथ साथ नैतिक मूल्यों पर चर्चा करते हुए विभिन्न कविताओं, गायन और उदाहरणों के साथ उन्हें इस परिचर्चा में जोड़कर रखा। कार्यक्रम के अंत में शपथ ग्रहण करवाई गयी।

# पुलिस ने आरोपी से देशी कट्टा अवैध हथियार बरामद

समाचार गेट हरिओम भारद्वाज




पुलिस प्रवक्ता कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार पुलिस अधीक्षक पलवल श्री चंद्र मोहन के कुशल निर्देशन में जिला पुलिस द्वारा प्रस्तावित विधानसभा चुनाव मध्य नजर अलर्ट रहते हुए एक विशेष अभियान अवैध हथियार धारकों की धरपकड़ के संबंध में चलाया हुआ है। इसी मुहिम के अंतर्गत एवीटी हथीन प्रभारी उप निरीक्षक दीपक गुलिया की टीम में तैनात एसआई जमशेद अली ने थाना होडल क्षेत्र अंतर्गत नजदीक डबचीक होटल, होडल से आरोपी खूबचंद उर्फ मोहित निवासी कच्चा तालाब,होडल को एक देशी कट्टा अवैध हथियार सहित गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की उपरोक्त मामलों में बरामद हथियार बारे आरोपी अपना लाईसैंस/परमिट पेश नहीं कर सके। आरोपियों के विरुद्ध संबंधित थानों में शस्त्र अधिनियम के तहत अभियोग पंजीबद्ध कर कार्यवाही अमल में लाई जा रही है।

# हम सबको मिलकर विकसित और समृद्ध होडल बनाना है-डॉक्टर नवीन रोहिला



समाचार गेट हरिओम भारद्वाज

होडल विधानसभा से स्वतंत्र प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रहीं डॉ. नवीन रोहिला का क्षेत्र के गांवों-कस्बों और गली-मोहल्लों में जनसपंर्क लगातार जारी है। इसी क्रम में उन्होंने मंगलवार को गोढोता, भेंडोली और मित्रोल में विभिन्न कार्यक्रमों में सहभागिता कर चुनाव में साथ, सहयोग, समर्थन और आशीर्वाद मांगा।साथ ही, उन्होंने जनता को होडल के विकास को लेकर अपने विजन से अवगत कराया। डॉ. नवीन रोहिला लंबे समय से क्षेत्र में सक्रिय हैं। प्रतिदिन क्षेत्र में भ्रमण करने के दौरान वे गांवों में जाकर लोगों से मुलाकात कर रही हैं और नुक्कड़ सभाओं के माध्यम से सभी से होडल के विकास के विजन पर चर्चा भी कर रही हैं। उनका कहना है कि स्वार्थी नेताओं के लालच, लापरवाही और गलत नीतियों के कारण हमारा क्षेत्र विकास की दौड़ में बहुत ज्यादा पिछड़ गया है। होडल में जगह-जगह अव्यवस्था, बदहाली और विपन्नता पसरी हुई है। टूटी सड़कें और पानी-बिजली की अनुपलब्धता से जनजीवन त्रस्त है। उन्होंने कहा मेरा यह संकल्प है कि सबका आशीर्वाद लेकर मैं होडल को पूर्ण विकसित और समृद्ध बनाने की दिशा में कार्य करूं, लेकिन यह तब होगा, जब हम एक होकर रहेंगे इस मौके पर बलजीत सिंह थानेदार,कल्लू, शेर सिंह, नरवीर, देशराज, रतन सिंह, सुनील मास्टर, किशन सिंह, राम गोपाल, नरेश ब्लॉक मेंबर, राजेश महलावत जिला पार्षद,श्याम मेंबर ,टेकचंद, लखनपाल, गोपाल, भगवान सिंह, अजय, बलराम, रघुवीर नंबरदार ,वेद राम सरपंच ,हेमराज ,जोगिंदर, राजवती, सुखवती, राजकुमारी, दयावती ,प्रकाशी आदि उपस्थित रहे।

# राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय छपेड़ा में जागरुकता सेमिनार का आयोजन

अनिल मोहनियां नूंह



उपायुक्त एवं अध्यक्ष जिला रैडक्रास सोसायटी नूंह धीरेंद्र खडगटा के कुशल मार्गदर्शन एवं सचिव महेश गुप्ता की देखरेख में आज मंगलवार को एक दिवसीय बेसिक फर्स्ट-एड एवं सडक सुरक्षा-जीवन रक्षा मुहिम के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय छपेड़ा में जागरुकता सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय की प्रिंसिपल प्रोमिला मुख्य रूप से उपस्थित रही। रैडक्रास सोसायटी नूंह के जिला प्रशिक्षण अधिकारी महेश मलिक ने सर्वप्रथम सडक सुरक्षा-जीवन रक्षा मुहिम के तहत सभी को सडक सुरक्षा नियमों की अनुपालना हेतु जागरुक किया। उन्होंने सभी उपस्थित करीब 250 विद्यार्थियों की मोटर वाहन संशोधन विधेयक-2019 की विस्तृत जानकारी दी तथा वाहन चलाते समय हैल्मेट, शीट बेल्ट का प्रयोग करने हेतु जागरूक किया। उसके उपरांत उन्होंने बेसिक फर्स्ट एड में बेहोशी, घायल को मौके पर सहायता, हार्ट अटैक के समय पीड़ित को ट्रांसपोर्ट करने, साँस न आने और हार्ट के कार्य न करने की अवस्था में जीवनदायिनी विधि सीपीआर विधि का प्रयोगात्मक तरीका समझाया। उन्होंने इस मौके पर जागरूक करते हुए बताया कि सभी विद्यार्थी अपने परिवार के उन सदस्यों की वोट बनवाएं, जिनकी अभी तक वोट नहीं बनी है। इसके लिए वे अपने बूथ के बीएलओ से फॉर्म नंबर-6 भरवाते हुए आगामी 2 सितंबर तक जमा कराएं ताकि मतदान से पूर्व वोट लिस्ट में नाम शामिल हो सके। इस मौके पर उन्होंने सभी को मतदाता शपथ ग्रहण भी दिलाई। इस अवसर पर छपेड़ा गांव के बीएलओ रिसाल सिंह, जीतराम, महेश कुमार, सुरेंद्र, तिलक, अमित, रामेश्वर, कुलभूषण, राज कंवर, चंद्रदेव यादव, राकेश गुप्ता, जयभगवान उपस्थित रहे।

# बारिश के बाद पानी निकासी का किया जाए उचित प्रबंध- उपायुक्त धीरेंद्र खडगटा




अनिल मोहनियां नूंह

उपायुक्त धीरेंद्र खडगटा ने कहा कि जिला में हो रही लगातार बारिश की वजह से अगर कहीं जलभराव की स्थिति बन गई है, तो उसका तुरंत समाधान किया जाए तथा पानी निकासी का उचित प्रबंध हो, ताकि लोगों को कोई दिक्कत न हो। उपायुक्त मंगलवार को अपने कार्यालय में एसडीएम व अन्य जिला प्रशासन के संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक में उन्हें दिशा-निर्देश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि बारिश जैसी स्थिति में किसी गांव, शहरी क्षेत्र या फिर स्कूल आदि में पानी जमा हो गया है, तो उस जमा पानी की निकासी की तुरंत व्यवस्था की जाए। इसी प्रकार जलभराव वाले क्षेत्रों में पानी में तेल आदि भी डाला जाए, ताकि मच्छर आदि पनपने का खतरा कम हो सके। रास्तों, गलियों में जमा पानी की उचित निकासी जरूर की जाए। उपायुक्त ने कहा कि बारिश के मौसम में लोगों को भी जागरूक रहना चाहिए। इस मौसम में अपने घरों में कहीं भी पानी जमा न होने दें। खाली टायर व अन्य सामान जिसमें पानी भर गया है, उन्हें खाली अवश्य कर दें। कूलर आदि के पानी को बार-बार बदलते रहें। पशुओं को बाहर न छोड़े, उन्हें भी मच्छरदानी आदि से कवर रखें। छोटे बच्चों आदि को भी मच्छरों से बचाकर रखें, ताकि डेंगू, मलेरिया आदि बीमारियों से बचाव संभव हो सके। इस अवसर पर एसडीएम फिरोजपुर झिरका डा. चिनार चहल, एसडीएम नूंह प्रदीप अहलावत, एसडीएम पुन्हाना संजय कुमार, नगराधीश अशोक कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# 25 हजार रुपए का वांछित ईनामी बदमाश अवैध हथियार सहित काबू

## राजस्थान में फर्जी मार्कशीट बनाने के करीब 52 मुकदमों मे वांछित है आरोपी

अनिल मोहनियां नूंह



अपराध जांच शाखा नूंह की टीम ने 25 हजार रुपए के एक ईनामी वांछित बदमाश को अवैध हथियार सहित दबोचा है । जिसकी पहचान मौहम्मद युसुफ पुत्र मुबीन निवासी उमरा थाना नगीना हालाबाद आजाद नगर नूंह के रूप में हुई है । आरोपी के विरुद् थाना शहर नूंह में अवैध हथियार अधिनियम के तहत केस दर्ज किया है । मौहम्मद युसुफ पर मुख्य रूप से राजस्थान में फर्जी मार्कशीट बनाने के करीब 52 मुकदमें दर्ज हैं । राजस्थान पुलिस ने आरोपी पर फर्जी मार्कशीट बनाने के थाना सम जिला जैसलमेर, थाना नौहर हनुमानगढ़ व थाना सेडवा बाडमेर राजस्थान के 04 अलग-2 मुकदमों में क्रमशः 25 हजार, 2-2 हजार व 500 रुपए का इनाम रखा हुआ हैं ।ड-ीएसपी हेडक्वार्टर अजायब सिंह बताया कि निरीक्षक सुभाष प्रभारी अपराध जांच शाखा नूंह के नेतृत्व में गठित एक टीम गश्त में झण्डा पार्क नूंह पर मौजूद थी ।उसी समय सूचना मिली कि मौहम्मद युसुफ पुत्र मुबीन निवासी उमारा थाना नगीना हालाबाद आजाद नगर नूंह अपने पास अवैध हथियार रखता हैं और अपराधी किस्म का व्यक्ति हैं । जिस पर थाना सम जिला जैसलमेर के एक मुकदमा में गिरफ्तार ना होने पर पुलिस अधीक्षक जैसलेमर राजस्थान के कार्यालय से 25 हजार रुपये का ईनाम घोषित हैं । जो आजाद नगर शमशान घाट लैटर रोड़ गांव खेड़ला पर घूम रहा हैं । सूचना के मुताबिक पुलिस ने मौके पर दबिश देते हुए युवक को काबू कर लिया । जिसने पूछताछ में अपनी पहचान मौहम्मद युसुफ उपरोक्त के रुप में बताई । तलाशी लेने पर उसके कब्जा से एक देसी कट्टा व एक कारतूस मिला । जिसको कब्जा पुलिस मे लेकर आरोपी के विरुध थाना शहर नूंह में मुकदमा दर्ज करके आरोपी को मुकदमा में नियमानुसार गिरफ्तार करके आरोपी से पुछताछ की गई । प्रथम पुछताछ पर आरोपी के विरुद्ध राजस्थान के थाना सम, खुहडी, पोखरण, सुरतगढ़ सदर, भिरानी, गोगामेड़ी, हनुमागढ़ टाउन, नौहर, पल्लु, पीलीबंगा, रावतसर, तलवाड़ा, टिब्बी, घमुडवाली, चौटन, सेडवा बाडमेर, नापासर, घमुतवाली, रामसिंहपुर आदि थानों में फर्जी मार्कशीट बनाने के करीब 52 मुकदमे दर्ज पाये गये । जिनमें आरोपी उदघोषित अपराधी हैं ।इस-के अतिरिक्त आरोपी ने पुछताछ पर राजस्थान में पंचायत चुनाव व अन्य के लिए आठवीं कक्षा की करीब 500 फर्जी मार्कशीट बनाकर लोगों को देनी भी स्वीकर की हैं । आरोपी को आज नियमानुसार अदालत में पेश किया गया ।

आरोपी मौहम्मद युसुफ उपरोक्त की गिरफ्तारी की सूचना राजस्थान पुलिस को भी दी गई हैं । बता दें कि इससे पहले भी 25 अगस्त को अपराध जांच शाखा नूंह के नेतृत्व में गठित टीम ने 25 हजार के इनामी बदमाश मुजीम निवासी बूबलहेड़ी थाना पिनगंवा को अवैध हथियार सहित दबोचा था ।

# विधानसभा चुनाव में जिला के कुल 6.56 लाख मतदाता करेंगे मत का प्रयोग- जिला निर्वाचन अधिकारी धीरेंद्र खडगटा



अनिल मोहनियां नूंह

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम के बाद आज जिले की मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन हुआ। फाइनल प्रकाशन के बाद जिले की मतदाता सूची में 12 हजार 570 नए मतदाता शामिल होने के बाद अब कुल 6 लाख 56 हजार 740 मतदाता हो गए हैं, जिसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 3 लाख 53 हजार 573 व महिला मतदाताओं की संख्या 3 लाख 03 हजार 167 हो गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी धीरेंद्र खडगटा ने बताया कि अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची का अगर कोई मतदाता निरीक्षण करना चाहता है तो वह अपने क्षेत्र के बीएलओ, संबंधित रिटर्निंग अधिकारी व एसडीएम कार्यालय नूंह, फिरोजपुर झिरका व पुन्हाना, जिला निर्वाचन कार्यालय नूंह में आकर निरीक्षण कर सकता है। इसके अलावा इस मतदाता सूची को निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर भी चेक किया जा सकता है। जिन पात्र व्यक्तियों के नाम अभी भी मतदाता सूची में दर्ज नहीं हो पाएं तो वे मतदाता अब भी 2 सितंबर 2024 तक 222.1शह्ढद्दह्रश्चशह्लद्बह्य.द्गष्द्ब.द्दश1.ह्वइ पोर्टल या वोटर हेल्पलाइन एप या बीएलओ के माध्यम से आवेदन कर नई वोट बनवा सकता है। यह आवेदन ऑनलाइन व ऑफलाइन दोनों मोड में किया जा सकता है। लोकतंत्र के चुनाव पर्व में हिस्सा लेने के लिए मतदाता सूची में नाम दर्ज होना जरूरी है। इसी प्रकार जो व्यक्ति चुनाव उम्मीदवार बनने के लिए आवेदन करेंगे, उनका भी मतदाता सूची में नाम दर्ज होना आवश्यक है, इसलिए सभी व्यक्तियों को चाहिए कि वे मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य दर्ज कर लें।

उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा हरियाणा विधानसभा आम चुनाव-2024 का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। हरियाणा में विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने की अधिसूचना 5 सितंबर 2024 को जारी की जाएगी तथा एक अक्टूबर को मतदान होगा। मतगणना का कार्य 4 अक्टूबर 2024 को होगी। जिला नूंह में तीन विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र हैं, जिनमें 79-नूंह, 80-फिरोजपुर झिरका तथा 81-पुन्हाना हैं।

# जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में ऐतिहासिक पंचवटी मंदिर पर हुआ विशाल दंगल का आयोजन



**ज्योति खंडेलवालः**-पलवल में जन्माष्टमी के अवसर पर ऐतिहासिक पंचवटी मंदिर पर सैकड़ों वर्षों से चली आ रहे विशाल दंगल का इस बार भी भव्य आयोजन हुआ जिसमें भाजपा के राष्ट्रीय सचिव गौरव गौतम ने बतौर मुख्य अतिथि सिरकत की जबकि दंगल की अध्यक्षता कुंवर मुकेश राणा ने की। दंगल के बारे में जानकारी देते हुए मुकेश राणा ने कहा की यह दंगल सैकड़ों वर्षों से चला आ रहा है जिसमें हर बार देश के नामी गिरामी पहलवान अपना दम खम दिखते है। इस बार दंगल में सबसे बड़ी कुश्ती एक लाख रुपये की है। इस अवसर पर ठाकुर गुल्लू पहलवान, ठाकुर पप्पू पहलवान, थानसिंह, राहुल राणा, भिंडी, ठाकुर, सोरन पहलवान और जेपी पाठक विशेष रूप से मौजूद रहे। भाजपा नेता मुकेश राणा ने बताया की इस बार भी हर वर्ष की तरह मेले में दिल्ली, यूपी, हरियाणा, राजस्थान के पहलवानों ने हिस्सा लिया है और सबसे बड़ी कुश्ती जोंटी पहलवान दिल्ली और युधिस्टर पहलवान के बीच बराबरी पर छूटी जबकि दूसरी बड़ी कुस्ती सचिन और हनुमान पहलवान के बिच में बराबरी पर छूटी जबकि तीसरी कुस्ती में सुमित पहलवान ने दीपक पहलवान को हराकर जीत दर्ज कर ली। उन्होंने बताया की इनके अलावा इसमें सैकड़ों छोटी बड़ी कुश्ती हुई। वहीं मुख्यातिथि के रूप में पहुंचे भाजपा के राष्ट्रीय सचिव गौरव गौतम ने बताया की पंचवटी मंदिर महाभारत कालीन मंदिर है जहाँ पांडवों ने अपने वनवास का कुछ समय यहाँ व्यतीत किया था। इस मंदिर पर समय समय पर बड़े बड़े आयोजन होते रहते हैं उन्हीं में से दंगल की परम्परा भी सैकड़ों वर्षों से चली आ रही। इस मोके पर भाजपा नेता गौरव गौतम ने कहा की वो पलवल विधानसभा से भाजपा की टिकट को लेकर पूरी तरह आश्वस्त हैं

पार्टी अबकी बार उनकी अनदेखी नहीं करेगी और पलवल से भाजपा प्रत्याशी की जीत होगी

# कुछ लोग झूठी अफवाह फैलाकर लोगों को कर रहे गुमराहः हर्ष कुमार

समाचार गेट होडल भारद्वाज

होडल अपने निवास पर पूर्व सिंचाई मंत्री ने की प्रेस वार्ता पूर्व मंत्री हर्ष कुमार ने कहा कि कुछ लोग झूठी अफवाह फैलने में लगे है की वह बीजेपी पार्टी में जा रहे है। उन अफवाहों के कारण उनके समर्थक गुमराह हो रहे है, लेकिन वह कांग्रेस के सच्चे सिपाही है और वह हमेशा कांग्रेस में ही रहकर पार्टी की नीतियों को आगे बढ़ाने का काम करेंगे और कांग्रेस की टिकट पर ही हथीन से चुनाव लड़कर पार्टी को विजय बनाएंगे। ज्ञात रहे की एक पोर्टल पर यह खबर चली की पूर्व सिंचाई मंत्री बीजेपी के दिल्ली स्थित कार्यालय में मौजूद है और वह कांग्रेस छोड़कर बीजेपी में शामिल हो सकते है। इस खबर के चलते ही उनके समर्थकों में हड़कंप मच गया और उनके समर्थकों ने उनसे फोन पर संपर्क साधना शुरू कर दिया। पूर्व मंत्री ने जब अपने समर्थकों को आश्वासन दिया की वह अफवाह है तब जाकर उनके समर्थकों को तसल्ली मिली।



पूर्व मंत्री हर्ष कुमार ने प्रैस वार्ता के दौरान पत्रकारों से कहा कि उन्हें बदनाम करने के लिए ऐसी अफवाह फैलाई जा रही है

कि में कांग्रेस को छोड़कर बीजेपी पार्टी में जा रहा हूं। उन्होंने कहा कि कुछ लोग बोखलाहट में ऐसी अफवाहों से लोगों को गुमराह करने का प्रयास कर रहे है। उन्होंने कहा कि वह कांग्रेस पार्टी के सच्चे सिपाही है और पार्टी की नीतियों पर ही कार्य कर जन-जन तक उन नीतियों को पहुंचाने कर कार्य कर रहे है। पूर्व मंत्री हर्ष कुमार ने कहा कि वह हथीन विधानसभा से कांग्रेस की टिकट पर चुनाव लड़कर पार्टी को जीत हासिल कराएंगे। उन्होंने कहा कि वह पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए थे और वह पार्टी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर पार्टी को हरियाणा में विजयी दिलाने के काम करेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी अबकी बार पूरे बहुमत से हरियाणा में सरकार बनाएगी। वह पार्टी के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी, सोनिया गांधी और राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़के व पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा से प्रभावित है और वह आगे हमेशा पार्टी के साथ रहेंगे। उन्होंने झूठी अफवाह फैलने वालों को भी चेतावनी देते हुए कहा कि अब जनता समझदार है इन अफवाहों से इनपर कोई फर्क नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा कि ऐसी झूठी अफवाह फैलने वाले या तो ऐसी हरकतों से बाज आ जाए नही तो वह उनके खिलाफ कार्यवाही करेंगे और जनता भी उन्हें सबक सिखाने का काम करेगी। इस मौके पर उनके साथ गोविंदा, लखन पहलवान, राजू पंखिया, नवीन कत्याल के अलावा दर्जनों समर्थक मौजूद थे।

# सोहना क्षेत्र में बाहरी उम्मीदवार का होगा विरोध। महापंचायत में लिया फैसला

**सोहना।**

सोहना विधानसभा क्षेत्र में बाहरी उम्मीदवार का विरोध किया जाएगा। जिंसके लिए सोहना व तावडू इलाके के नेतागण व नागरिक एकजुट रहेंगे। यह निर्णय सोहना कस्बे में आयोजित महापंचायत में लिया गया है। इसके अलावा राजनीतिक पार्टियों द्वारा स्थानीय नेताओं को टिकट न देने पर दोबारा महापंचायत बुलाकर फैसला लिया जाएगा। जिसमें स्थानीय नेता को पंचायती उम्मीदवार बनाकर चुनाव लड़ाया जाएगा। मंगलवार को स्थानीय पंजाबी धर्मशाला में सोहना विधानसभा क्षेत्र के गणमान्य लोगों की महापंचायत आयोजित की गई। जिसमें तावडू खण्ड के लोग भी शामिल थे। उक्त महापंचायत की अध्यक्षता बुजुर्ग लाला देशराज गोयल द्वारा की थी। महापंचायत में सभी राजनीतिक पार्टियों के नेतागण, पंच, सरपंच, पार्षद, नम्बरदार, पूर्व सरपंच, पूर्व विधायक आदि शामिल हुए। उक्त महापंचायत राजनीतिक पार्टियों द्वारा स्थानीय नेताओं की अनदेखी किये जाने के मुद्दे को लेकर बुलाई थी। ताकि राजनीतिक दल बाहरी उम्मीदवारों को टिकट न दें। कस्बे में पहली बार होने वाली ऐसी महापंचायत काफी देर तक चली। जिंसमें सभी नेताओं व जनमानस ने अपने अपने विचार रखे। तथा बाहरी उम्मीदवारों का विरोध किये जाने का पक्ष लिया। नगरपालिका के पूर्व प्रधान मोहनलाल सैनी ने कहा कि बीते 58 वर्षों के अंतराल में किसी भी राजनीतिक पार्टी ने स्थानीय नेता को उम्मीदवार नहीं बनाया है। बाहरी उम्मीदवार लोगों को बेवकूफ बनाकर वोट हासिल करके चुनाव जीत कर चले जाते हैं। जबकि उनको इलाके की समस्याओं से कोई भी लेना देना नहीं है। वहीं पहलवान सतबीर खटाना ने कहा कि अगर राजनीतिक पार्टियां स्थानीय नेता को टिकट नहीं देती हैं तो दोबारा पंचायत बुलाकर पंचायती उम्मीदवार घोषित करके चुनाव लड़ाया जाएगा। आप नेता धर्मेन्द्र खटाना ने कहा कि बाहरी नेता के मुद्दे पर सभी में एकजुटता है। जिसका पुरजोर विरोध किया जाएगा। महापंचायत के अंत में सभी लोगों ने हाथ खड़े करके बाहरी उम्मीदवार का एकजुटता के साथ विरोध करने का फैसला लिया है। इसके अलावा यह भी निर्णय लिया गया है कि अगर पार्टियां स्थानीय नेता को टिकट नहीं देती हैं तो दोबारा महापंचायत बुलाकर पंचायती उम्मीदवार घोषित करके चुनाव लड़ाया जाएगा। इस महापंचायत में पूर्व विधायक चौधरी शहीदा खान, बाबू रविन्द्र गुप्ता, शैलेश खटाना, सुभाष बंसल, व्यापार मंडल संघ प्रधान मनोज बजरंगी, पार्षद हरीश नंदा, व्यापार मंडल प्रधान अशोक गर्ग, निहाल सिंह धारीवाल, चौधरी जावेद अहमद, पार्षद संदीप सिंगला पिंटू, कपड़ा यूनियन प्रधान प्रदीप सिंगला टोनी, पूर्व पार्षद रवि सिंगला, प्रताप रिठौज, बिनेश गूजर, सतीश घामडोज, पूर्व पालिका प्रधान अमृत सिंह बागड़ी,

पूर्व पार्षद लेखराज, प्रदीप खटाना, आप नेता धर्मेन्द्र खटाना, कांग्रेसी नेता पंकज भारद्वाज, जवाहरलाल, समाजसेवी कमल छाबड़ी, मनीष खटाना आदि के अलावा भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# होडल विधानसभा के निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम रणवीर सिंह ने चुनावी ड्यूटी में लगाए गए अधिकारियों के साथ की बैठक

समाचार गेट हरिओम भारद्वाज



होडल विधानसभा चुनाव-2024 को लेकर होडल विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम रणवीर सिंह ने मंगलवार को होडल स्थित लघु सचिवालय में चुनाव को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक की। निर्वाचन अधिकारी रणवीर सिंह ने अधिकारियों को पूरी जिम्मेदारी व सतर्कता के साथ चुनावी ड्यूटी करने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक के दौरान निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम रणवीर सिंह कहा कि भारत निर्वाचन आयोग ने हरियाणा के विधानसभा आम चुनाव 2024 की प्रक्रिया घोषित कर दी है। आयोग की ओर से जारी शेड्यूल अनुसार प्रदेश में 1 अक्तूबर, 2024 को चुनाव होंगे तथा 4 अक्तूबर 2024 को मतगणना उपरांत चुनाव परिणाम घोषित किए जाएंगे। विधानसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता भी लागू हो गई है, इसलिए सभी अधिकारी आचार संहिता की पालना करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि विधानसभा आम चुनाव की ड्यूटी में लगाए गए सभी अधिकारी व कर्मचारी चुनाव आयोग की हिदायतों की पालना करते हुए अपनी ड्यूटी करें। सभी टीमों के इंचार्ज अपनी टीम के साथ बेहतर समवन्य व तालमेल बनाकर रखें। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र होडल में निष्पक्ष, शांतिपूर्ण व पारदर्शी चुनाव करवाने के लिए सभी अधिकारी व कर्मचारी चुनाव ड्यूटी का निर्वहन गंभीरता व सतर्कता से करें। चुनावी ड्यूटी के दौरान किसी भी स्तर पर कोई लापरवाही न बरती जाए। किसी भी तरह का संशय होने पर अपने उच्च अधिकारी से बातचीत कर उसे दूर करें। उन्होंने कहा कि चुनावी ड्यूटी के दौरान अनुशासनहीनता व लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी समय पर और पूरी सूझबूझ के साथ कार्य करें।

इस अवसर पर तहसीलदार अनिल कुमार, नायब तहसीलदार, बीडीपीओ प्रवीन कुमार, नायब तहसीलदार महोम्मद खान, नायब तहसीलदार कुनाल गोयल, बीईओ किरन बाला, बीईओ टेकचंद समेत चुनावी ड्यूटी से संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# आवारा पशुओं का कहर एक्सप्रेस-वे से गांवों तक

## सांड ने बुजुर्ग महिला को सींग पर उठा जमीन पटका, घायल

समाचार गेट/कविता

बल्लभगढ़। शहर में आवारा पशुओं की बढ़ती संख्या लोगों के लिए सिरदर्द और जान को खतरा बन रही है। मैन रोड ही नहीं बल्कि हर गली मोहल्ले में आवारा पशुओं का आतंक है। इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों ने आंखों पर पट्टी बांध रखी है। ऐसा ही चंदावली गांव में देखने को मिला। जहां राह चलती 68 साल की बुजुर्ग महिला को एक गोवंश ने अपने सिंग पर उठा कर जमीन पर पटक दिया। बुजुर्ग महिला सांड के हमले में चोट लगने से बेहोश हो गई। आसपास के लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों के अनुसार महिला के हाथ में फ्रैक्चर है और आंख के पास गंभीर चोट आई है। शहर में बेसहारा पशुओं की बढ़ती संख्या से लोगों से रोष है। इस प्रकार के कई हादसे हो चुके हैं।



(चंदावली गांव में आवारा सांड महिला को सिंग से फेंकते हुए सीसीटीवी में कैद)

वारदात का एक सीसीटीवी भी सामने आया है। बता दें कि बेसहारा पशुओं के कारण फरीदाबाद में 20 दिनों के अंदर दो लोगों की मौत हो चुकी है। पहली घटना 3 अगस्त को हुई थी जब रवि राघव भारत कॉलोनी खेड़ी रोड से अपनी बाइक से गुजर रहे थे। सांडों की लड़ाई में एक सांड ने रवि को टक्कर मार दी। उनकी मौत हो गई। दूसरी घटना 11 अगस्त को मोहब्बताबाद में हुई। यहां पर 60 वर्षीय मदीन अपनी बाइक से जा रहे थे। तभी बेसहारा पशु ने उन्हें टक्कर मार दी। उनकी मौत हो गई। इन दोनों घटनाओं से भी नगर निगम ने सबक नहीं लिया।



(बल्लभगढ़ में जाजरू गांव के निकट मुम्बई एक्सप्रेस-वे पर घुमते आवारा पशु ट्रक के आगे: फोटो-ओमप्रकाश पंचाल)

### सौ से अधिक गौवंश:

चंदावली गांव के निवासी राजकुमार ने बताया कि गांव के अंदर इस वक्त 100 से भी ज्यादा बेसहारा पशु सड़कों पर घूम रहे हैं। ये लोगों पर हमला कर उनको घायल कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि रविवार शाम को उनकी दुकान के सामने से कुछ महिलाएं पार्क में जाने के लिए निकल रही थी। उसी दौरान वहां खड़े एक सांड ने 68 साल की बुजुर्ग जयपाली को सींग से उठा कर पटक दिया। उसने बताया कि जमीन पर गिरते ही महिला बेहोश हो गई। ये सारी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। आस पास के लोगों ने जमीन पर गिरी महिला को उठाया और परिजनों की सहायता से प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया। बुजुर्ग महिला के पोते जोगेंद्र ने बताया कि उनकी दादी के हाथ में फ्रैक्चर आ गया है और आंख के पास गंभीर चोट लगी है। फिलहाल बुजुर्ग महिला का इलाज चल रहा है।

### हर जगह आवारा पशुओं का आतंक:

चाहे ग्रामीण हो या शहरी इलाका हर जगह आवारा पशुओं का जमावड़ा लगा हुआ रहता है, ऐसा ही गत दिवस मुम्बई एक्सप्रेसवें पर जाजरू गांव के निकट देखने को मिला था, जहां दर्जनों गौवंश एक्सप्रेस वे पर यहां से वहां मंडरा रहे थे, लेकिन नगर निगम के अधिकारी इस ओर ध्यान ही नहीं देते है। राष्ट्रीय राजमार्ग भी इससे अछुता नहीं है। यहां भी गौवंशों का जमावड़ा देखने को मिलता है। गांव हो या शहर हर गली मोहल्ले से लेकर मुख्य राजमार्ग तक गोवंश देखने को मिल रहे है।

## शनिदेव की चौकी एवं भंडारे का आयोजन



समाचार गेट/कविता

फरीदाबाद। मंदिर सेवा शक्ति दल एवं नवदीप सेवा समिति ट्रस्ट के तत्वाधान में नेहरू ग्राउण्ड में शनि देव की चौकी एवं भण्डारे का आयोजन किया गया। यह आयोजन मंदिर सेवा शक्ति दल के अध्यक्ष सुनील कुशवाहा, अमित अरोड़ा, नवदीप सेवा समिति ट्रस्ट के अध्यक्ष यशपाल शर्मा व एडवोकेट संदीप सेठी द्वारा करवाया गया। इस मौके पर चौकी का शुभारंभ जिला भाजपा के कोषाध्यक्ष राजन मुथरेजा ने की। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए श्री मुथरेजा ने कहा कि मंदिर सेवा शक्ति दल एवं नवदीप सेवा समिति ट्रस्ट प्रत्येक शनिवार को भण्डारे का आयोजन करता आ रहा है। उन्होंने कहा कि शनिदेव के दर्शन करना काफी शुभ माना जाता है। मंदिर के सामने भक्त शनि शीला पर सरसों का तेल चढ़ा अपने सभी दुख-दर्दों को दूर करते है। इसलिए वह दोनों ही समितियों का आभार व्यक्त करते है जिन्होंने आज शनिदेव की चौकी को जिसमें मुझे आने का सौभाग्य मिला। इस अवसर पर विक्रम भाटिया, समाजसेवी अरूण मिश्रा, एडवोकेट दीपक गेरा, सतीश कटारिया, संजीव कुशवाहा, हंसराज नागर, हरेन्द्र, सोनू, तरूण सहित अन्य शनि भक्त मौजूद रहे।

## साईं धाम में धूमधाम से मनाया गया कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव



समाचार गेट/कविता

फरीदाबाद। तिगांव रोड संथित साईं धाम में कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। संस्था द्वारा चलाए जा रहे निःशुल्क स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा बहुत ही सुंदर नृत्य की प्रस्तुति दी गई। इसके पश्चात मंदिर की सुप्रसिद्ध भजन मंडली के राधा कृष्ण भजनों ने पूरे मंदिर प्रांगण को भक्तिमय बना दिया। संस्था के बोर्ड मेंबर नरेंद जैन ने बताया कि डॉक्टर मोतीलाल गुप्ता के नेतृत्व में साईं धाम में कई प्रकार की निशुल्क सेवाएं चल रही हैं। स्कूल की प्रिंसिपल बीनू शर्मा एवं उनकी टीम की मेहनत का ही नतीजा है कि आज यह स्कूल फरीदाबाद के किसी भी प्राइवेट प्राइवेट स्कूल से किसी भी मायने में कम नहीं है। हाल ही में संस्था द्वारा हृदय रोग जांच की सुविधा भी साईं धाम में शुरू की गई है। कार्यक्रम में वाइस चेयरमैन संदीप गुप्ता, के ए पिल्लई, सुषमा जैन, रतन मुंशी, यू एस अग्रवाल, शिवम दीक्षित विशेष तौर पर उपस्थित थे।

## देसी कट्टा व चोरी की बाइक सहित आरोपी गिरफ्तार

समाचार गेट ब्यूरो

फरीदाबाद। अपराध शाखा सेक्टर-30 की टीम ने देसी कट्टा व चोरी की मोटरसाइकिल सहित आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी आकाश उर्फ बाबा गांव अजरौंदा फरीदाबाद का रहने वाला है। आरोपी को अपराध शाखा टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से सेक्टर-17 की मार्किट एरिया से काबू किया है। आरोपी से देसी कट्ट व चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की गई है। आरोपी ने मोटरसाइकिल को दिल्ली से चोरी किया था। आरोपी के खिलाफ थाना सेक्टर-17 में अवैध हथियार व मोटरसाइकिल चोरी करके प्रयोग करने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया है। आरोपी किसी वारदात को अंजाम देने कि फिराक में था। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि आरोपी ने मोटरसाइकिल को दिल्ली से चोरी किया है तथा आरोपी ने देसी कट्टा को पलवल में किसी अन्जान व्यक्ति से 5000 रूपए में वारदात के समय लोगो में भय बनाने के लिए खरीदा था। आरोपी पर पूर्व में स्नैचिंग व चोरी के मामले दर्ज है। आरोपी को पूछताछ कर अदालत में पेश कर जेल भेजा गया है।

## शराब तस्करी करने वाला पकड़ा

समाचार गेट ब्यूरो

फरीदाबाद। अपराध शाखा सेक्टर-85 की टीम ने शराब तस्करी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी अमित कुमार गांव सारन फरीदाबाद का रहने वाला है आरोपी को अपराध शाखा टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से चंदीला चौक बीपीटीपी एरिया से काबू किया है। आरोपी की तलाशी लेने पर आरोपी से 133 पव्वा देसी शराब की बरामद की गई। आरोपी के खिलाफ थाना बीपीटीपी में अवैध शराब तस्करी की धाराओं में मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया।

## धूमधाम से मनाया जन्माष्टमी पर्व : भाटिया

समाचार गेट ब्यूरो

फरीदाबाद। श्री महारानी वैष्णो देवी मंदिर में भगवान श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर में सुंदर-सुंदर और मनमोहक झांकियां लगाई गई जिन्हें देखने के लिए मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता लग गया। प्रातः काल से ही मंदिर में भगवान श्री कृष्ण की पूजा करने के लिए काफी अधिक संख्या में श्रद्धालु पहुंचने शुरू हो गए। इस अवसर पर मंदिर संस्थान के प्रधान जगदीश भाटिया ने सभी श्रद्धालुओं को श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व की शुभकामनाएं और बधाई दी। केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर और शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा विशेष रूप से महारानी वैष्णो देवी मंदिर में भगवान श्री कृष्ण की पूजा अर्चना करने के लिए पहुंचे। मंदिर संस्थान के प्रधान जगदीश भाटिया, चेयरमैन प्रताप भाटिया सहित सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने श्री गुर्जर और सीमा त्रिखा का जोरदार स्वागत किया। इस धार्मिक पर्व को संबोधित करते हुए केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णा बाल गुर्जर ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर हिंदू धर्म की आस्था



का प्रतीक है। गुर्जर और शिक्षा मंत्री ने श्रद्धालुओं को जन्माष्टमी पर्व की शुभकामनाएं भी दी। इस अवसर पर मंदिर में पूर्व विधायक चंद्र भाटिया. समाजसेवी गुलशन भाटिया, उद्योगपति आर के बत्रा, प्रदीप झाम रमेश सहगल तथा विनोद भाटिया विशेष रूप से उपस्थित थे। मंदिर संस्थान के प्रधान जगदीश भाटिया ने बताया कि मंदिर में झांकियां बनाने के लिए दिल्ली और मथुरा से विशेष कलाकार बुलाए गए थे। जिन्होंने सुंदर-सुंदर झांकियां बनाकर श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। भगवान श्री कृष्ण के लिए 25 फीट ऊंचा विशेष झूला बनाया गया था। इसके अलावा मां कालका दर्शन, बाबा बर्फानी की मनमोहक झांकी देखकर लोग रोमांचित हो गए। रात को 12:00 बजे मटकी फोड़कर और भगवान श्री कृष्ण का केक काटकर श्रद्धालुओं को प्रसाद के रूप में वितरित किया गया, भारत के प्रसिद्ध भजन कलाकार सुरेंद्र सहज द्वारा मंदिर में सुंदर-सुंदर भजन और भक्ति के गीत गाए गए। देर रात तक श्रद्धालु मंदिर में भजन कीर्तन का आनंद लेते रहे और इसके बाद भगवान श्री कृष्ण का भोग लगाकर प्रसाद वितरित किया गया।

## गांव प्रहलादपुर में विधायक राजेश नागर को किया सम्मानित




समाचार गेट/संजय शर्मा

फरीदाबाद। तिगांव के भाजपा विधायक राजेश नागर का गांव प्रहलादपुर में जोरदार स्वागत किया गया। गांव की सरदारी ने उन्हें पगड़ी बांधकर आशीर्वाद दिया। वहीं विधायक ने कहा कि मैंने हमेशा हर वर्ग की आवाज सुनी और किसी के साथ भेदभाव नहीं किया। आज तिगांव विधानसभा क्षेत्र में हर ओर विकास कार्य चल रहे हैं। हम तिगांव को प्रदेश की सर्वश्रेष्ठ विधानसभा बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं।

विधायक राजेश नागर ने कहा कि क्षेत्र की जनता ने डबल इंजन की भाजपा सरकार को तीसरी बार अवसर देने का मन बनाया है। इसमें हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के काम करने के तरीके का प्रमुख योगदान है। आम जनता हमारे दोनों नेताओं की कार्यप्रणाली को बहुत पसंद कर रही है। भाजपा की सरकारें भय, भूख और भ्रष्टाचार को मिटाने की दिशा में गंभीरता से कार्य कर रही है। इसमें हमें हर वर्ग का सहयोग मिल रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा हरियाणा एक हरियाणवी एक के विचार को मान्यता देती है जिससे सभी को एकसूत्र में बांधने का काम कर रही है। उन्होंने लोगों से आगामी एक अक्टूबर को भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की।

इस अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा अध्यक्ष जैजू ठाकुर, सरपंच छुट्टन लाल, पोहप सिंह, मंडल अध्यक्ष गिर्राज त्यागी, पूर्व पार्षद एवं प्रदेश भाजयुमो उपाध्यक्ष विक्रम, अजब चंदीला, नरेंद्र नम्बरदार, उत्कर्ष गर्ग, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष सुनील सरधाना, महीपाल सरधना, सतीश सरधाना, धर्मवीर सरधाना, मामचंद सरधाना, दयानन्द नागर, राजेंद्र सरपंच, हरीचंद सरपंच, किसान मोर्चा सचिव कृष्ण अधाना, सुरेंद्र बिधूड़ी, बीडीसी ओमप्रकाश नम्बरदार, सुनील कुमार, जसवंत अधाना, तिगांव विधानसभा प्रभारी ललित नागर, व्यापारी व्यवसाय प्रभारी तरुण अरोड़ा आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## कंगना रनौत को पार्टी से तुरंत बर्खास्त करें भाजपा: राजेंद्र शर्मा

समाचार गेट/कविता

फरीदाबाद। किसानों आंदोलन को लेकर भाजपा सांसद कंगना रनौत की गई टिप्पणी उनके लिए जी का जंजाल बन गई है। उनके बयान से जहां भाजपा ने किनारा कर लिया है वहीं अब आम आदमी पार्टी ने उनके इस बयान की कड़े शब्दों में निंदा की है। आम आदमी पार्टी हरियाणा के संगठन मंत्री पं. राजेंद्र शर्मा ने मांग की है कि भारतीय जनता पार्टी अगर किसानों की सच्ची हितैषी है तो वह तुरंत कंगना रनौत को पार्टी से बर्खास्त करे।



बाटा चौक संथित पार्टी कार्यालय पर आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान पं. राजेंद्र शर्मा ने कहा कि भाजपा का दोमुंहा चेहरा अब जनता के सामने उजागर हो चुका है, पहले जब स्मृति ईरानी विवादित बयान देती थी तो भाजपा तब भी पल्ला झाड़ लेती थी, लेकिन जनता ने आज स्मृति ईरानी को घर बिठा दिया है, ठीक उसी प्रकार सांसद कंगना रनौत को भी हिमाचल प्रदेश के किसान और जनता सबक सिखाने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार का हरियाणा से बिस्तर बंधना तय है और आम आदमी पार्टी का जनाधार जिस प्रकार से प्रदेश में बढ़ रहा है और केजरीवाल की पांच गारंटियों में लोग विश्वास जता रहे है, उससे स्पष्ट है कि हरियाणा में आम आदमी पार्टी बेहतर प्रदर्शन करके चौंकाने वाले परिणाम देगी। पत्रकार वार्ता के दौरान पं. राजेंद्र शर्मा ने कहा कि आम आदमी पार्टी विधानसभा चुनावों को लेकर पूरी तरह से तैयार है और 90 विधानसभाओं पर पूरी ताकत से चुनाव लड़ेगी। उन्होंने कहा कि आगामी 31 अगस्त तक पार्टी की सूची जारी हो जाएगा और ईमानदार, मेहनती व शिक्षित उम्मीदवारों को पार्टी चुनाव मैदान में उतारेगी और दिल्ली-पंजाब की तर्ज पर हरियाणा में लोगों को सुविधाएं देने का काम करेगी।

इस मौके पर मुख्य रुप से आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता ओपी वर्मा, रविन्द्र फौजदार, अमन गोयल, सत्य प्रकाश पांचाल, मुल्कराज भड़ाना, सुदेश राणा, नरेश शर्मा, बिजेंद्र भामला, रवि डागर, मंजू सिंह मिल्हार्ड कालोनी, सत्येंद्र शर्मा, जोगिंद्र चंदीला आदि मौजूद थे।

## डब्लूसीएल क्रिकेट अकादमी ने 9 विकेट से जीता मैच




समाचार गेट ब्यूरो

फरीदाबाद। क्रिकगियर कप सातवां ऑल इंडिया रविंदर फागना अंडर-13 डे नाइट क्रिकेट टूनार्मेंट 2024 रविंदर फागना क्रिकेट भूमि ग्राउंड फरीदाबाद पर खेला गया यह मैच वर्षा क्रिकेट अकादमी और डब्ल्यूसीएल क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया। इस मैच मे डब्ल्यूसीएल क्रिकेट अकादमी ने वर्षा क्रिकेट अकादमी को 9 विकेट से हराया। यह मैच 40 ओवर का था और वर्षा क्रिकेट अकादमी ने पहले टॉस जीतकर बैटिंग करने का निर्णय लिया। वर्षा क्रिकेट अकादमी ने पहले बैटिंग करते हुए 28 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर 90 रन का लक्ष्य दिया। जिसमें बल्लेबाजी करते हुऐ विशाल कुमार ने 35 रन, यस मिश्रा ने 11 रन बनाए। डब्ल्यूसीएल क्रिकेट अकादमी की ओर से गेंदबाजी करते हुए कृष्णा गुप्ता ने 6 ओवर में 3 मेडन 4 रन देकर 7 विकेट हासिल किए और उत्कर्ष मिश्रा, रोशन साहू, और हरिवंश चौधरी ने 1-1 विकेट लिया। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए डब्ल्यूसीएल क्रिकेट अकादमी ने 21.5 ओवर में 1 विकेट खोकर 91 रन बनाकर जीत हासिल की। डब्लू सी एल क्रिकेट अकादमी की ओर से बल्लेबाजी करते हुऐ अंकित आनंद ने 34 रन, आकिब सैफी ने 32 रन बनाए। वर्षा क्रिकेट अकादमी की ओर से नक्श शर्मा ने 1 विकेट लिया। इस मैच का मैन ऑफ द मैच कृष्णा गुप्ता और फाइटर ऑफ द मैच विशाल कुमार को घोषित किया गया।

## जीवा पब्लिक स्कूल में एनईपी 2020 पर शिक्षा महाकुंभ का आयोजन



समाचार गेट/कविता

फरीदाबाद। सैक्टर 21 बी संथित जीवा पब्लिक स्कूल में एनईपी 2020 के अनुरूप राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें भारत की स्कूली शिक्षा प्रणाली में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (2020) के गुणात्मक सुधारों के साथ समग्र परिवर्तन की कल्पना की गई। इससे पूर्व एन०आई०ओ०एस और शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के संयुक्त के तत्वावधान में 10 अगस्त से 25 अगस्त तक 15 दिवसीय वेबिनार श्रृंखला शुरू की गई, इस वेबिनार श्रृंखला के दौरान एन.सी.ई.आर.टी, सी.बी.एस.ई, ए.आई.सी.टी.ई के विभिन्न केंद्रीय विश्वविद्यालयों के विशेषज्ञों और विभिन्न स्कूलों के प्रिंसिपल्स द्वारा 26 सत्रों में एनसीएफ-एस ई के अध्यायों पर सार्थक चर्चा की गई। इस वेबिनार श्रृंखला का समापन जीवा स्कूल के प्रांगण में किया गया। जिसकी अगुवाई जीवा स्कूल के अध्यक्ष ऋषिपाल चौहान ने की। समापन कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रिया कुमार (आई आई एस डी जी) दूरदर्शन भी वहां उपस्थित रहीं। इस अवसर राष्ट्रीय शिक्षा एवं संस्कृति सचिव अतुल कोठारी और राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय संस्थान की अध्यक्षा सरोज शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता रहे राष्ट्रीय संयोजक देशराज शर्मा, जीवा ग्रुप के अध्यक्ष डॉ. सत्य नारायण दास बाबा, महर्षि बाल्मीकि कॉलेज ऑफ एजुकेशन की प्राध्यापिका नीलम बाली भी उपस्थित रहीं। संगोष्ठी में देश भर के प्रसिद्ध स्कूल और संस्थान के लगभग 400 शिक्षाविदों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ सम्मानित गणमान्य व्यक्तियों और विद्यालय प्रबंधन सदस्यों द्वारा दीप प्रज्वलन करने के साथ हुआ। इस सेमिनार का उद्देश्य एन०इ०पी० पर परिचर्चा करना एवं इसको राष्ट्रीय पाठ्यचर्या के रूप किस प्रकार अपनाया जाए इस पर विचार करना रहा। इस दौरान यह भी बताया गया कि जीवा पब्लिक स्कूल एन० इ०पी० का ही रोल मॉडल स्वीकार किया जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के कार्य प्रणाली को एक प्रदर्शनी के माध्यम से प्रस्तुत किया गया।

# चुनाव परिणाम के बाद उम्मीदवारों को एक माह के भीतर जमा करना होगा अपने चुनावी खर्च का ब्यौरा : जिला निर्वाचन अधिकारी

समाचार गेट/ निकिता माधोगड़िया



रेवाड़ी। हरियाणा में विधानसभा आम चुनाव- 2024 लड़ने वाले उम्मीदवारों को चुनाव परिणाम आने के बाद एक माह के भीतर अपने चुनावी खर्च का ब्यौरा जिला निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय को जमा करना होगा। भारत निर्वाचन आयोग के अनुसार तय समयावधि में चुनावी खर्च का ब्यौरा न देने वाले उम्मीदवारों को भविष्य में चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य घोषित किया जा सकता है।जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी अभिषेक मीणा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस बार विधानसभा आम चुनाव के लिए प्रति उम्मीदवार चुनाव खर्च की अधिकतम सीमा 40 लाख रुपये है। उन्होंने बताया कि नियम के अनुसार उम्मीदवार द्वारा नामांकन पत्र भरने के साथ ही चुनावी खर्च की गणना शुरू हो जाती है। इसके लिए उम्मीदवार को अलग से एक डायरी में अपने रोजाना के चुनावी खर्च का हिसाब रखना होता है और अलग से बैंक खाता भी खुलवाना होता है। चुनाव प्रक्रिया पूरी होने तक खर्च की गणना चलती है। इस दौरान कोई भी उम्मीदवार तय सीमा से ज्यादा पैसा नहीं खर्च कर सकता है।

उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार उम्मीदवार या राजनीतिक दलों द्वारा 10,000 रुपये से अधिक का चुनाव व्यय सभी स्थितियों में चुनाव के उद्देश्य से खोले गए उम्मीदवार के बैंक खाते से चेक या ड्राफ्ट या आरटीजीएस/एनईएफटी या किसी अन्य इलेक्ट्रॉनिक मोड द्वारा किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि जैसे ही विधानसभा आम चुनाव के परिणाम घोषित होंगे, उस तिथि से एक माह के अंदर-अंदर उम्मीदवारों को अपने चुनाव खर्च का ब्योरा देना अनिवार्य है।

## फुटबॉल खेल प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों से आए खिलाड़ियों ने दिखाया दम



कनीना सुनील दीक्षित

शिक्षा विभाग द्वारा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम अनुसार मंगलवार को पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खेड़ी तलवाना के खेल मैदान में जिला 14 ,17 व 19 आयु वर्ग की लड़के व लड़कियों को 2 दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ जिला शिक्षा अधिकारी संतोष चौहान वह खंड शिक्षा अधिकारी डॉक्टर विश्वेश्वर कौशिक ने किया। विभिन्न स्कूलों से आए खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए संतोष चौहान ने विद्यार्थियों से कहा कि वे खेल को खेल की भावना से खेलें जीवन में खेलों के महत्व के बारे में बताया की विद्यार्थी जीवन में खेल अनुसासन, समूह में कार्य करने की क्षमता व परिश्रम की जिज्ञासा पैदा करते हैं। बीईओ डॉ. विश्वेश्वर कौशिक ने कहा कि जो विद्यार्थी जीवन में खेल को शामिल करता है वह हार जीत से आगे बढ़कर जीवन जीता है। प्रतियोगिता के पहले दिन सैकड़ो विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का श्रेष्ठ प्रदर्शन किया उन्होंने बताया कि बुधवार को लड़कियों की फुटबॉल प्रतियोगिता होगी। फुटबॉल के एनआईएस कोच जसमेर सिंह ने खिलाड़ियों को अनुशासन में रहते हुए खेलने का आव्हान किया इस अवसर पर प्राचार्य जय पाल, स्कूल प्रबंधन समिति सदस्य व शिक्षक उपस्थित थे।

## एसडी ककराला में हुआ जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता का हुआ शुभारम्भ



कनीना सुनील दीक्षित

एसडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ककराला में आयोजित जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगता का शुभारम्भ विद्यालय चैयरमैन जगदेव यादव द्वारा किया गया। विद्यालय के प्राचार्य ओमप्रकाश, राजेन्द्र सिंह, कुलदीप डीपीई, मनोज डीपीई , जयभगवान की उपस्थिति में विद्यालय के चैयरमैन जगदेव यादव ने कहा कि 27 व 28 अगस्त को कुश्ती व भारतोलन की खेल प्रतियोगिता है उन्होने खिलाड़ियों को बताया कि खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए तथा खेल मैदान में होने वाली गलतियों से सबक लेना चाहिए। कुश्ती प्रतियोगिता लड़को में 14 आयुवर्ग में 38 किलोग्राम भारवर्ग में सलेश युदवंशी नारनौल प्रथम, 35 किलोग्राम भारवर्ग में चेतन आरआर ग्रीन मैक्स खेड़ी प्रथम, 41 व 44 किलोग्राम भारवर्ग में दिपांशु व केशव पीआरएस सतनाली प्रथम, 48 किलोग्राम भारवर्ग में पंकज जीएसएसएस बायल प्रथम, 52 किलोग्राम भारवर्ग में जतिन आरआरसीएम कनीना प्रथम, 57 किलोग्राम भारवर्ग में दिलेर सिंह एसडी बूढवाल प्रथम, 62 किलोग्राम भारवर्ग में रोहित एसवीएम बाघोत प्रथम, 68 किलोग्राम भारवर्ग में सौरव आरआर ग्रीन मैक्स खेड़ी प्रथम व 75 किलोग्राम भारवर्ग में शुभम इंड्स वैली दौगडा अहिर से प्रथम रहा।

## गोगा नवमी के अवसर पर गांव में हुआ मेले का आयोजन

कनीना सुनील दीक्षित

गोगा नवमी के अवसर पर कनीना खंड के विभिन्न गावों में मेले का आयोजन किया गया पंचायत सदस्य सुरजीत सिंह ने बताया कि मोहनपुर नंगल में आयोजित मेले में दूर दराज से आए श्रद्धालुओं ने शिरकत की वही कनीना, कोटिया में आयोजित गोगा नवमी मेले में खेलकूद प्रतियोगिता में भंडारे का आयोजन किया गया। जहां खिलाडियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर मेला कमेटी के सदस्य व ग्रामीण उपस्थित थे।

## खेलकूद प्रतियोगिता आपसी भाईचारे को मजबूत करती है : मन्नु यादव



समाचार गेट/ निकिता माधोगड़िया

रेवाड़ी। ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता आपसी भाईचारे को मजबूत करती है और इनमे खेल प्रतिभाओ को निखारने का मौका मिलता है। उक्त विचार कोसली विधानसभा क्षेत्र के पूर्व मंत्री जगदीश यादव के पुत्र मन्नु यादव ने गांव जैनाबाद मे गोगा नवमी के मोके पर आयोजित खेलकूद कार्यक्रम मे बतौर मुख्य अतिथि खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किए। मन्नु यादव ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र मे खेल प्रतिभाओ की कोई कमी नहीं है ओर उन्हें निखारने की जरूरत है।

ओलम्पिक खेलो मे ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों ने ही अपनी प्रतिभा का जलवा दिखाया ओर भारत को मेडल दिलाये। मन्नू यादव ने कहा कि काग्रेस के शासनकाल मे खिलाड़ियों को पूरा सम्मान ओर खेलो को बढ़-ावा दिया। अब फिर काग्रेस सरकार आने पर खिलाड़ियों को पूरा सम्मान दिया जायेगा। इस अवसर पर ग्रामीणों ओर आयोजन समिति ने मन्नू यादव का जोरदार स्वागत किया।

# रोटरी क्लब रेवाड़ी रॉयल्स ने दी जरूरतममंद महिला को व्हीलचेयर

समाचार गेट/ निकिता माधोगड़िया



रेवाड़ी। जरूरतमन्दों की सहायता के लिए रोटरी क्लब रेवाड़ी रॉयल्स हमेशा ही अग्रणीय भूमिका निभाता आया है। इसी क्रम में रोटरी क्लब द्वारा चलाए जा रहे व्हीलचेयर ऑन डिमांड प्रोग्राम के तहत रेवाड़ी के मोहल्ला शिव कॉलोनी निवासी कुसुम धर्मपत्नी रमेश चंद्र की आवश्यकता को देखते हुए व्हील चेयर प्रदान की गई। उपरोक्त जानकारी देते हुए क्लब के जन सम्पर्क अधिकारी याद के.सुगन्ध ने बताया कि रेवाड़ी के मोहल्ला शिव कॉलोनी निवासी ब्रेन हैमरेज और लकवा बीमारी से ग्रस्त एक महिला कुसुम के परिजनों की ओर से व्हील चेयर की डिमांड आयी थी। जिसको रोटरी क्लब ऑफ रेवाड़ी रॉयल्स ने अपने व्हील चेयर ऑन डिमांड प्रोग्राम के तहत पूरा किया। इस अवसर पर क्लब के प्रधान चैतन्य रूपेला ने बताया कि रोगग्रस्त महिला चलने फिरने में बिल्कुल असमर्थ है। उसे गोद में उठा कर ही इधर से उधर ले जाया जा सकता है। व्हील चेयर मिलने से उसे अब अपना गुजर बसर करने मैं आसानी रहेगी। व्हील चेयर पा कर उस ने और उसके परिजनों ने प्रसन्नता व्यक्त की और क्लब का आभार जताया।

इस अवसर पर रोटरी क्लब रेवाड़ी रॉयल्स की ओर से प्रधान चैतन्य रूपेला, मनोज यादव , याद सुगंध, मीनाक्षी अरोड़ा, दीपक गुप्ता, प्रदीप नरूलाआदि मौजूद रहे।

## गांव बड़दू जोगी में श्री कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव पर मटकी फोड़ प्रतियोगिता कर मनाया श्री कृष्ण जी का जन्म दिन



सिवानी सोनिका सूरा

गांव बड़दू जोगी में श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव पर मटकी फोड़प्रतियोगिता आयोजित हुई जिसमें सभी युवा साथियों ने सहयोग किया इस अवसर पर लक्ष्मीनारायण वाइस चेयरमैन पंचायत समिति लोहारु ने बताया कि गांव में पहली बार इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया और सभी युवा साथियों व सभी ग्राम वासियों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया और बड़े ही धूमधाम से श्री कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव मनाया तथा महिलाओं ने भी श्री कृष्ण जी के भजनों पर नृत्य किया और लक्ष्मीनारायण बड़दू वाइस चेयरमैन पंचायत समिति लोहारु ने प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीम को प्रोत्साहित किया इस अवसर पर लक्ष्मीनारायण बड़दू वाइस चेयरमैन पंचायत समिति लोहारु, सरपंच प्रतिनिधि राकेश कुमार, बलवान ठेकेदार,गायक सिना नाथ , मानसिंह रावल,राजू पंच, बिजेंद्र नाथ,पवन पूनिया पंच प्रतिनिधि, राजबीर रावल,सुबे सिंह रावल, डॉ विजय, अनिल तंवर, रामनिवास पूनिया, राजकुमार हलवाई,बलबीर पूर्व पंच, मेनपाल जाटु राजेश रटठ प्रधान आदि मौजूद रहे

# दिल्ली पब्लिक स्कूल बावल की रिया ने जिला स्तर पर जीता स्वर्ण पदक

समाचार गेट/ निकिता माधोगड़िया




रेवाड़ी। स्कूली खेलों के खंड स्तर के बाद अब दिल्ली पब्लिक स्कूल, बावल का जिला स्तर पर भी प्रदर्शन सराहनीय है। विद्यालय ने मुक्कुबाजी में 1 स्वर्ण और 4 रजत पदक हासिल किए। महाराजा अग्रसेन में आयोजित जिला स्तरीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता में विद्यालय की छात्रा रिया तिहाड़ा ने 42 किलो भार वर्ग अंडर 17 वर्ष में स्वर्ण पदक जीता, इसके साथ कार्तिक ने 60 किलो अंडर 19, शिवम तिहाड़ा ने 60 किलो अंडर 17, शुभम तिहाड़ा ने 52 किलो अंडर 17, यश छिल्लर ने 28 किलो अंडर 14 में रजत पदक जीता। विद्यालय निदेशक हरिओम सिवाच ने बच्चों की जीत का श्रेय बच्चो और कोचों कड़ी मेहनत को दिया है । उन्होंने बताया की रिया अपनी कड़ी मेहनत के फलस्वरूप अब राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता में रेवाड़ी जिले का प्रतिनिधित्व करेगी । यह उपलब्धि तो अभी बस शुरूआत है अभी राज्य स्तर पर भी इसे बनाए रखना है। सभी विजेता छात्रों को विद्यालय पहुंचने पर फूलों के हार के साथ भव्य स्वागत किया गया।

## सिवानी में जाट भवन का शिलान्यास समारोह आज

सवानी मंडी सोनिका सूरा

जाट समाज सेवा समिति की ओर से जाट भवन का शिलान्यास समारोह आज आयोजित होगा। इस बारे में जानकारी देते हुए पूर्व खंड शिक्षा अधिकारी राजपाल सांगवान ने बताया कि जाट समाज की ओर से जाट भवन का शिलान्यास करवाया जा रहा है जिसमें भिवानी महेंद्रगढ़ लोकसभा के सांसद चौधरी धर्मवीर सिंह, वित्त मंत्री जयप्रकाश दलाल इस भवन की नींव रखेंगे वही इस वही इस कार्यक्रम के दौरान जाट भवन में बनाए जा रहे एक हाल का शिलान्यास पूर्व परिषद चेयरमैन एवं कांग्रेस नेता राजवीर फरटिया की ओर से किया जाएगा। इस दौरान सांस्कृति कार्यक्रम का आयोजन होगा । उन्होंने बताया कि जाट समाज सेवा समिति की ओर से सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है

# गुर्जर माजरी में हवाई फायरिंग करने के मामले में एक नाबालिग सहित 2 आरोपी गिरफ्तार

समाचार गेट/ निकिता माधोगड़िया



रेवाड़ी। थाना बावल पुलिस ने गांव गुर्जर माजरी में एक युवक के घर के बाहर हवाई फायरिंग करने के मामले में एक नाबालिग को अभिरक्षा में लेकर दो और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।जांचकर्ता ने बताया गांव गुर्जर माजरी निवासी सुरेन्द्र ने अपनी शिकायत में बताया था की वह खेती बाड़ी का काम करता है। दिनाक 15 अगस्त 2024 को वह अपने साथी मोनू के साथ अपने निजी काम से अपनी गाडी से गांव मंगलेशवर गया था। जो मंगलेशवर बस स्टैण्ड से पास उसके गांव के योगेश उर्फ योगी व तीन-चार अन्य व्यक्तियों ने मिलकर उसकी गाड़ी के आगे अपनी वैगनार गाडी लगा दी। जिस पर उसने अपनी गाड़ी को बैक करके अपने घर की तरफ भगा लिया। सभी आरोपी उसकी गाड़ी का पीछा करते हुए उसके घर के बहार पहुंच गए तथा आरोपियों ने उसे जान से मारने की नियत से उसके घर के बाहर हवाई फायरिंग की। आरोपी योगेश उर्फ योगी ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर उसके साथ पहले भी मारपीट व कातिलाना हमला किया था, जिस सम्बन्ध में आरोपियों के खिलाफ थाना बावल में पहले भी दो मामले दर्ज है। इसी रंजिश के तहत आरोपी योगेश उर्फ योगी ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर उस पर जान लेवा हमला किया है। जिस पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ थाना बावल में हत्या के प्रयास व आर्म्स एक्ट सहित विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज करके मामले में एक आरोपी गांव गुर्जर माजरी निवासी योगेश उर्फ योगी को पहले ही गिरफ्तार करके, आरोपी के कब्जे से 01 अवैध देशी पिस्टल व वारदात में प्रयोग की गई वैगनार गाड़ी को बरामद कर लिया था। पुलिस ने इस मामले में सोमवार को एक नाबालिग को अभिरक्षा में लेकर दो और आरोपी राजस्थान के जिला कोटपुतली के गांव सुन्दरपुरा निवासी अंकित व प्रदीप को भी गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस ने दोनों आरोपियों को पेश अदालत करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया है तथा नाबालिग को जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड के समक्ष पेश कर बाल सुधार गृह फरीदाबाद भेज दिया गया है। पुलिस द्वारा इस मामले में अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी भी जल्द की जाएगी।

# कांग्रेसी नेता और पूर्व मंत्री हर्ष कुमार ने भाजपा में जाने की चल रही खबरों को बताया राजनैतिक षड्यंत्र

होडल ,हथीन विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेसी नेता और पूर्व मंत्री हर्ष कुमार ने प्रेस-ावार्ता को संबोधित करते हुए कहा की मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है किसी के बहकावे में आकर किसी व्यक्ति विशेष के बारे में भ्रामक खबर चलाना मीडिया जगत का अपमान ही नही मीडिया के ऊपर किसी भी राष्ट्र की जनता के भरोसे के साथ धोखाधड़ी है। गौरतलब है की एक सोशल मीडिया चैनल ने पूर्व मंत्री हर्ष कुमार के बारे में भाजपा में जाने की झूठी खबर प्रसारित की थी जिसका खंडन करते हुए हर्ष कुमार ने कहा वह कांग्रेस में है और कांग्रेस से ही विधानसभा चुनाव लड़ेंगे.भाजपा में जाने की केवल भ्रामक अफवाह हैं। साथ ही उन्होंने कहा की वह चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार हैं वियो : पूर्व मंत्री हर्ष कुमार ने कहा की एक सोशल मीडिया चैनल के एक पत्रकार ने उनके भाजपा में शामिल होने की झूठी खबर प्रसारित की है जो पूरी तरह से निराधार है वह कांग्रेस में हैं और राहुल गांधी, सोनिया गांधी व भूपेंद्र सिंह हुड्डा उनके नेता हैं । उन्होंने कहा की उक्त पत्रकार ने यह खबर राजनैतिक षड्यंत्र के तहत चलाई है। उन्होंने कहा की मीडिया पर इस तरह की झूठी चचाएं चौथे स्तंभ के भरोसे को खराब करता है। हर्ष कुमार ने कहा की वह चुनावी तैयारियों में जुटे हुए हैं। लोक सभा के चुनाव में उन्होने कांग्रेस प्रत्याशी को अपना समर्थन देकर वोट भी दिलवाये थे हाल ही में हुई चौबीसी की पंचायत को लेकर पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा की उन्होंने पार्टी पर किसी भी तरह का दबाव बनाने के लिए पंचायत आयोजित नहीं कराई खुद लोगों ने पंचायत का आयोजन किया था जिसमें सामाजिक तौर पर मुझे भी बुलाया गया जहां मैने लोगों से अपील की है की आप सब पूरी तरह से हथीन से चुनाव में जुट जाएं और कांग्रेस की मदद करें और अपने रिश्तेदारों को भी मुझे वोट देने की अपील करें उन्होने कहा की प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है और इलाके में खूब विकास कार्य किये जायेंगे



# स्त्री 2 की सफलता पर श्रद्धा कपूर को मिल रहे क्रेडिट पर अपारशक्ति खुराना ने उठाया सवाल?

**स्वतंत्रता दिवस के मौके पर रिलीज हुई फिल्म स्त्री 2 बॉक्स ऑफिस पर बंपर कमाई कर रही है। फिल्म को दर्शकों का बेशुमार प्यार मिल रहा है, जिसका सबूत इसका बॉक्स ऑफिस कलेक्शन दे रहा है। फिल्म ने श्रद्धा कपूर और राजकुमार राव के करियर को नई उड़ान दी है।**

स्त्री 2 में इन दोनों के अलावा अपारशक्ति खुराना, पंकज त्रिपाठी और अभिषेक बनर्जी जैसे सितारे भी मुख्य भूमिका में हैं। हालांकि, फिल्म में बिट्टू का किरदार निभाने वाले अभिनेता अपारशक्ति खुराना ने सक्सेस क्रेडिट गेम पर नाराजगी जाहिर की है। अभिनेता ने बातों ही बातों में श्रद्धा और राजकुमार पर तंज कस दिया है। स्त्री 2 के सभी कलाकारों ने अपने किरदारों में जान फूंक दी है। हालांकि, फिल्म की सफलता का पूरा क्रेडिट श्रद्धा कपूर को दिया जा रहा है, जिनकी फिल्म में स्क्रीन टाइम बाकी सितारों की तुलना में कम है। इसी से अपारशक्ति खुराना खासा नाराज हैं और हालिया इंटरव्यू में इस पर कटाक्ष करते भी देखे गए हैं।

बातचीत के दौरान अपारशक्ति ने पहले तो इस मुद्दे पर कोई टिप्पणी नही की और कहा कि उन्हें केवल यह जानने में दिलचस्पी है कि दर्शकों को फिल्म में क्या पसंद आया है और सब कुछ इस पर निर्भर करता है कि वे क्या देखना चाहते हैं। उन्होंने फिल्म की सफलता के लिए दर्शकों और मीडिया को भी श्रेय देते हुए कहा कि फिल्म अच्छा प्रदर्शन कर रही है क्योंकि इसे इन दोनों स्रोतों से बहुत सकारात्मकता मिली है। अपारशक्ति खुराना ने कहा, मैं इस पर कुछ नहीं बोलूंगा, क्योंकि बात खुलेगी तो दूर तक जाएगी। मैं कुछ बोलना नही चाहूंगा, ऑडियंस जो कहे वो सही है। हालांकि, अभिनेता ने बातों ही बातों में कह दिया कि अगर कोई फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छा कारोबार करने लगती है तो पीआर गेम शुरू हो जाता है, जिसमें आप किसी को ऊपर उठाते हो और किसी को नीचा दिखाते हो। अपारशक्ति ने यह भी कहा कि इस तरह की चीजें अभिनेता को स्टार बना देती हैं। वहीं, अन्य को उतना अटेंशन नहीं मिल पाता जितना वो डिजर्व करते हैं।



# करोड़पति बिजनेसमैन को डेट कर रहीं कृति? पहली बार रिश्ते पर तोड़ी चुप्पी

अभिनेत्री कृति सेनन ने हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में 10 साल पूरे कर लिए हैं। अभिनेत्री ने साल 2014 में टाइगर श्रॉफ के साथ हीरोपंती से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। कृति अपनी प्रोफेशनल लाइफ के अलावा अपनी निजी जिंदगी को लेकर भी काफी चर्चा में रहती हैं। अभिनेत्री का नाम कबीर बहिया के साथ भी जुड़ा है। एक इंटरव्यू में कृति से पूछा गया कि रिलेशनशिप में पहले वह सॉरी बोलती हैं? इस पर अभिनेत्री ने कहा कि डिपेंड करता है, अगर मुझे लगेगा कि मैं गलत नहीं हूं तो मुझे बिल्कुल भी बुरा नहीं लगेगा। कृति से आगे पूछा गया कि क्या वह छोटी-छोटी बातों पर रोती हैं, तो अभिनेत्री ने कहा कि वह यह नहीं कहेंगी कि वह रोती नहीं हूं, लेकिन किसी भी वजह पर नहीं।

# इंडियाना जोन्स से प्रेरित होगी अजय देवगन की आगामी फिल्म!



अजय देवगन और लव रंजन पहले से ही आगामी बहुचर्चित फिल्म दे दे प्यार दे 2 के लिए साथ काम कर रहे हैं। फिल्म की शूटिंग लगभग पूरी हो चुकी है। अब इस समय अजय अपनी एक और फिल्म सन ऑफ सरदार 2 की शूटिंग के लिए लंदन में हैं। इसी बीच यह जानकारी आई है कि अजय और लव रंजन एक और फिल्म में साथ काम करने वाले हैं। यह फिल्म पूरी तरह से एडवेंचर-बेस्ड होगी। वहीं मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, यह फिल्म पूरी तरह से हॉलीवुड फिल्म इंडियाना जोन्स से प्रेरित होगी। हालांकि फिल्म को लेकर अभीतक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है।

लव रंजन और अजय की आगामी फिल्म लव रंजन की फिल्म की स्क्रिप्ट पर अभी काम चल रहा है। यह एक बड़े बजट की फिल्म होगी जिसमें अजय देवगन एक एडवेंचरर भूमिका में नजर आएंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म निर्माताओं का लक्ष्य हॉलीवुड फिल्म इंडियाना जोन्स फ्रैंचाइजी जैसा कुछ बनाने का है। अजय इस कॉन्सेप्ट को लेकर बेहद उत्साहित हैं, साथ ही उनके प्रशंसक भी अजय की एक और धमाकेदार मूवी के लिए तैयार है।

### कहां होगी फिल्म की शूटिंग

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस फिल्म की शूटिंग भारत के जंगलों में की जाएगी, जिसमें अजय एक प्राचीन अवशेष की खोज में दिखाई देंगे। इस फिल्म की कहानी लोककथाओं और पौराणिक कथाओं से प्रेरित होगी। इस फिल्म में जबर्दस्त वीएफएक्स देखने को मिलेंगे। हो सकता है कि यह फिल्म दिसंबर 2024 तक रिलीज हो जाए।

### बच्चों को ध्यान में रखकर बनाई जाएगी फिल्म

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार इस फिल्म को खासतौर पर बच्चों को ध्यान में रखकर बनाया जाएगा। फिल्म में हाई-ऑक्टेन सेट पीस और स्टंट होंगे। इस फिल्म के लिए अजय का लुक भी अलग होगा। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अजय लेदर जैकेट और बैकपैक स्टाइल में नजर आएंगे। इस फिल्म में उन्हें प्राचीन सभ्यताओं और भाषाओं का गहरा ज्ञान होगा। उम्मीद है कि अजय सन ऑफ सरदार 2 और दे दे प्यार दे 2 के बाद इस फिल्म की शूटिंग शुरू करेंगे।





# अमेरिका में छुट्टियां मना रहीं हैं नेहा शर्मा

अभिनेत्री नेहा शर्मा इस समय अमेरिका में छुट्टियां मना रही हैं और उन्होंने कुछ खूबसूरत पलों को शेयर किया है। नेहा ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर शिकागो, इलिनोइस की अपनी यात्रा की कई तस्वीरें और वीडियो शेयर किए। उन्होंने सबसे पहले एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह स्वीट डिश के बगल में रखी मोमबत्ती को बुझाती नजर आ रही थीं। अभिनेत्री ने इसे कैप्शन दिया, मुझे लगता है कि मैं लाइफ को सेलिब्रेट कर रही हूं। इसके बाद अभिनेत्री ने कुछ और मीठा खाते हुए लिखा, थोड़े से मीठे ने किसी की जान नहीं ली। इसके बाद नेहा ने अपनी कॉकटेल की एक झलक साझा की और लिखा, क्या शानदार शाम है दोस्तों। उन्होंने अपने छोटे भतीजे के साथ आइसक्रीम का आनंद लेते हुए खुद का एक वीडियो भी शेयर किया। इस महीने की शुरुआत में, अभिनेत्री ने अपने रोमांटिक ट्रैक दिल को करार आया की चौथी वर्षगांठ पर दिवंगत अभिनेता सिद्धार्थ शुक्ला को याद किया।

नेहा ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी सेक्शन पर एक वीडियो शेयर किया। जिसमें यासर देसाई और नेहा कक्कड़ द्वारा गाए गए गाने की शूटिंग के पर्दे के पीछे की झलकियां हैं। उन्होंने कैप्शन में लिखा, हे भगवान... 4 साल हो गए। जिसके बाद उन्होंने एक सफेद दिल वाली इमोजी लगाई। उल्लेखनीय है कि सिद्धार्थ का निधन 2 सितंबर, 2021 को 40 साल की उम्र में दिल का दौरा पड़ने से हो गया था। उन्हें बालिका वधू, बाबुल का आंगन छूटे ना, लव यू जिंदगी और दिल से दिल तक जैसे शो में देखा गया था। वह रियलिटी शो बिग बॉस 13 के विजेता भी थे। नेहा ने क्रूक, क्या सुपर कूल हैं हम, यमला पगला दीवाना 2, यंगिस्तान, तुम बिन 2, तान्हाजी और जोगीरा सारा रा रा जैसी फिल्मों में काम किया है। हाल ही में उन्हें लीगल थ्रिलर सीरीज इलीगल के तीसरे सीजन में देखा गया था। उन्होंने विशाल फुरिया के क्राइम थ्रिलर वेब शो 36 डेज में भी काम किया है। इसमें पूरब कोहली, चंदन रॉय सान्याल, शारिब हाशमी, अमृता खानविलकर, श्रुति सेठ और सुशांत दिवगीकर भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। शो और फिल्मों के अलावा, नेहा धीमे धीमे, गालिब, लैम्बो कार, थोड़ा थोड़ा प्यार और पहली पहली बारिश जैसे संगीत वीडियो का भी हिस्सा रही हैं।



# बड़े सितारों की इन फिल्मों को रिजेक्ट कर चुकी हैं श्रद्धा

श्रद्धा कपूर की फिल्म स्त्री 2 बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर हो चुकी है। आज आपको उन बड़े सितारों से सजी फिल्मों के बारे में बताते हैं, जिन्हें वह अस्वीकार कर चुकी हैं। तारीखों की समस्या की वजह से वह आरआरआर फिल्म में काम नहीं कर सकी थीं। श्रद्धा कपूर को ठग्स ऑफ हिंदोस्तान का ऑफर भी मिला था, लेकिन वह इसमें काम नहीं कर सकीं। भूल भुलैया 2 में कियारा आडवाणी से पहले मेकर्स ने श्रद्धा कपूर से संपर्क किया था। लकी नो टाइम फॉर लव भी श्रद्धा को ऑफर हो चुकी है, हालांकि तब उन्होंने फिल्म से ज्यादा अपनी पढ़ाई को तरजीह दी थी।

# हम भाग्यशाली हैं कि लोगों को हमारी बनाई कहानियां और किरदार पसंद आता है

फिल्म निर्माता कबीर खान ने बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान के साथ काम करने को लेकर कई बातें शेयर कीं। फिल्म निर्माता ने बताया कि लोगों को सलमान खान के साथ बनाई हमारी फिल्में क्यों पसंद आती हैं। कबीर ने बताया, मुझे लगता है कि हम भाग्यशाली हैं कि लोगों को हमारी बनाई कहानियां और किरदार पसंद आता है। फिल्म निर्माता और सुपरस्टार ने 2012 में एक था टाइगर और 2015 की फिल्म बजरंगी भाईजान जैसी फिल्मों में काम किया है। यह सातवीं सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्म और चौथी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हिंदी फिल्म है। उन्होंने कहा, बेशक, मैं इस तथ्य को नकार नहीं रहा हूं कि सलमान एक मेगास्टार हैं और दर्शकों के बीच उनकी बड़ी लोकप्रियता है। बता दें कि हाल ही में फिल्म निर्माता कबीर खान को मेलबर्न के भारतीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफएम) के 2024 संस्करण में निखिल स्वामीनाथन के साथ चंदू चैंपियन के लिए सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार मिला है। इसके लिए उन्होंने बताया, मुझे लगता है कि मैं भाग्यशाली था कि मैंने वे फिल्में उस समय बनाई, जब हमने जिन कहानियों पर काम किया, वे दर्शकों को पसंद आई और उन्होंने इसका आनंद लिया और हमारी फिल्मों के साथ हमें भी सफलता मिली। उन्होंने कहा कि बजरंगी भाईजान के सीक्वल को लेकर अटकलें लगाई जा रही थीं, हालांकि, हर ब्लॉकबस्टर को सीक्वल की जरूरत नहीं होती।







# ट्रेजडी क्वीन मीना कुमारी का किरदार निभाना चाहती हैं रसिका दुग्गल

'मिर्जापुर' वेब सीरीज में बीना त्रिपाठी के किरदार में नजर आई रसिका दुग्गल ने मीना कुमारी की भूमिका निभाने की इच्छा जताई है। एक्ट्रेस रसिका दुग्गल ने कहा कि वह दिवंगत स्टार मीना कुमारी की जिंदगी को बड़े पर्दे पर निभाना चाहती हैं। रसिका ने बातचीत में कहा, मैंने बायोपिक में मुख्य भूमिका निभाई है, क्योंकि ऐसा किरदार निभाना एक दिलचस्प है। आप किसी ऐसे व्यक्ति के किरदार को कैसे निभा सकते हैं, जिसके बारे में हर कोई पहले से ही बहुत कुछ जानता हो और जिनकी एक अलग पहचान भी हो। उन्होंने कहा कि मीना कुमारी के अलावा अमृता प्रीतम के किरदार को निभाने में भी उन्हें रुचि है। लंबे समय से इच्छा रही है। एक्ट्रेस ने कहा, मुझे उम्मीद है कि कोई मुझे कास्ट करेगा। लेकिन, अगर मीना कुमारी के किरदार में कोई अभिनेत्री होती तो मुझे लगता है कि वह मैं होती।

अभिनेत्री को हाल ही में मेलबर्न के भारतीय फिल्म महोत्सव के 15वें संस्करण में पुरस्कृत किया गया। रसिका दुग्गल ने पुरस्कार के बारे में बात करते हुए कहा, एक एक्टर के रूप में हमें अपने करियर के दौरान कुछ मुश्किल विकल्पों को चुनना पड़ता है। कोई भी व्यक्ति हमेशा अपने विकल्पों पर दोबारा विचार करता है, क्योंकि इसका कोई पैमाना नहीं होता है। हर एक एक्टर का सफर इतना अनूठा होता है कि इसमें कोई बेंचमार्क नहीं होता है। इसलिए आप हमेशा सोचते रहते हैं कि आपने सही विकल्प चुना है या नहीं। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि डाइवर्सिटी चैंपियन जैसे पुरस्कार मेरे करियर में अब तक किए गए काम का सम्मानित करते हैं। यह बहुत अच्छा है और इस तरह का सम्मान मिलना आपका हौसला बढ़ाता है।

उन्होंने बॉक्स ऑफिस कलेक्शन और पुरस्कार की अहमियत पर कहा, इन दोनों में से कोई भी चीज मेरे नियंत्रण में नहीं है। मैं केवल किसी काम के बारे में चिंता कर सकती हूं, जिस पर मेरा नियंत्रण है। कैसे बॉक्स ऑफिस पर काम हो रहा है या फिर उसे कितना देखा जा रहा है। जो भी मेरे नियंत्रण से बाहर है, मैं उसके बारे में कुछ नहीं कर सकती। इससे अच्छा है कि मैं एक एक्टर के तौर पर खुद को साबित करूं। एक्ट्रेस रसिका दुग्गल ने कहा कि निश्चित तौर पर वो ज्यादा देखे जाने वाले प्रोजेक्ट्स को महत्व देती हैं। उनके मुताबिक, इसमें अधिक ऑप्शन मिलते हैं। जिससे उन्हें मनमाफिक प्रोजेक्ट करने में मदद मिलती है।

# दक्षिण में बेहतर प्रदर्शन करने में सफल हुई किल



अभिनेता और डांसर राघव जुयाल ने हाल ही में निर्माता करण जौहर और गुनीत मोंगा द्वारा निर्मित खूनी एक्शन फिल्म किल में अभिनय किया। राघव ने एक नए साक्षात्कार में उत्तरी और दक्षिणी बाजारों में इसके स्वागत के बारे में खुलकर बात की। अभिनेता ने कहा कि फिल्म ने दक्षिण में बेहतर प्रदर्शन किया। यूट्यूब चैनल डिजिटल कमेंट्री से बात करते हुए, राघव ने कहा, साउथ में किल का स्वागत उत्तर की तुलना में बेहतर रहा है। हमारे शहरों में लोग सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर फिल्मों का बहिष्कार करने में व्यस्त हैं। लेकिन वे फिल्म देखने के लिए अपने घरों से बाहर नहीं निकलते हैं। जब यह आखिरकार रिलीज होगी। आप अपनी राय साझा कर सकते हैं, लेकिन कम से कम पहले फिल्म तो देखिए। अब, दक्षिण में, खासकर मलयालम सिनेमा में, वे किस तरह की फिल्में बनाते हैं, देखें, चाहे वह आवेश हो या मंजुम्मेल बॉयज। जुयाल ने कहा, किल को रिलीज हुए एक महीने से ज्यादा हो गया है, लेकिन साउथ में लोग अभी भी इसे देख रहे हैं। यह अभी भी सिनेमाघरों में चल रही है। अमिताभ बच्चन, प्रभास, दीपिका पादुकोण, कमल हासन और अक्षय कुमार जैसे बड़े सितारों ने अपनी फिल्में रिलीज की थीं। किल के समान समय, इसलिए, मैं आभारी हूं कि लोग अभी भी किल देख रहे हैं।